बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

जग प्रेरणा

बालाघाट - 21 जून 2026 दिन - रविवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 144 मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा

सोना, चांदी, हीरे एवं संपूर्ण हॉलमार्क ज्वेलरी के विक्रेता

नुपुर डायमंड ज्वेलरी

विश्वास, सौंदर्य और श्रेष्ठता से अलंकृत

नुपुर ज्वेलर्स

स्टेट बैंक के पास
मेन रोड, बालाघाट

फोन - 07632-240753
मो. 9977229027

महाराष्ट्र के परभणी में मंदिर के निर्माणाधीन सभागार का पिलर गिरा, 5 की मौत, 18 घायल

पीएम मोदी और सीएम फडणवीस ने जताया दुख

परभणी।

महाराष्ट्र के परभणी जिले के मानवत तालुका स्थित यशवाड़ी देवस्थान संस्थान मंदिर के सामने निर्माणाधीन सभागार का एक पिलर शनिवार दोपहर अचानक गिर गया। इस हादसे में 30 से अधिक श्रद्धालुओं के दबने की प्राथमिक आशंका जताई जा रही है।

अभी तक की जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 18 लोग घायल हो गए हैं। अभी भी मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। जानकारी के अनुसार, यशवाड़ी देवस्थान में प्रत्येक शनिवार को जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

आज भी मंदिर परिसर में दर्शन, कीर्तन और महाप्रसाद के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए थे। इसी दौरान मुख्य मंदिर के सामने बन रहे सभागार का पिलर अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, पिलर के मलबे के नीचे 30 से अधिक श्रद्धालुओं के फंसे होने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही मानवत पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक शिंदे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

घटनास्थल पर एम्बुलेंस भी पहुंच गई हैं तथा घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं। प्रशासन और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भेजा जा रहा है। वे अभी भी नुकसान का अंदाज़ा लगा रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या मलबे के नीचे और भी लोग फंसे हो सकते हैं।

इमारत के गिरने की सही वजह अभी पता नहीं चल पाई है। बचाव कार्य जारी है और आगे की जानकारी का इंतज़ार है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि कुछ श्रद्धालु मंदिर में पूजा-पाठ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से मंदिर के सभागार का पिलर गिर गया। इस वजह से भरभराकर ऊपर से मलबा गिरा और उसके नीचे कई श्रद्धालु दब गए। घटना के बाद से मौके पर चींख-पुकार मच गई। फिलहाल अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

पीएम मोदी और सीएम फडणवीस ने जताया दुख

सीएम देवेंद्र फ्डणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷परभणी जिले के यशवाड़ी में एक दुखद घटना में, हनुमान मंदिर की बन रही छत का एक हिस्सा गिर गया, जिससे कुछ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मैं उनके प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं।

इस घटना में घायल लोगों का इलाज चल रहा है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और तेज़ी से राहत और बचाव कार्य भी किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया, महाराष्ट्र के परभणी में दीवार गिरने से हुई लोगों की मौत बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस हादसे में अपनों को खोया है। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

शिवसेना के दोनों गुटों को एक हो जाना चाहिए: बच्चू कडू

छत्रपति संभाजीनगर, (भाषा)। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता बच्चू कडू ने शनिवार को पार्टी के दोनों गुटों से फिर से एकजुट होने की अपील की। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (उबाठा) द्वारा पार्टी का 60वां स्थापना दिवस मनाए जाने के एक दिन बाद कडू पत्रकारों से बात कर रहे थे। पूर्व राज्य मंत्री कडू हाल ही में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हुए थे और विधान परिषद के लिए चुने गए। उन्होंने कहा कि दोनों गुटों के शीर्ष नेताओं को फिर से एकजुट होने के लिए ''कुछ कदम आगे बढ़ाने'' चाहिए। कडू ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी निजी राय है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि सभी को इस बारे में सोचना चाहिए कि शिवसेना की ताकत कैसे बढ़ेगी। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को कुछ मुद्दों को छोड़कर साथ मिलकर काम करना चाहिए।'' यह पूछे जाने पर कि क्या अभी ऐसा होना संभव है, तो कडू ने कहा, ''शायद ऐसा न हो (अभी), क्योंकि हर कोई अपने रुख पर मज़बूती से टिका हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''शिवसेना अहम है क्योंकि यह ज़मीन से जुड़ा संगठन है। साथ आने की दिशा में कोशिशें होनी चाहिए। यह मेरी निजी राय है... हो सकता है कि पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं की भी यही राय हो। राज्य में 'महाराष्ट्र धर्म' का कोई विकल्प नहीं है।''

अमेरिका-ईरान वार्ता आज फिर स्विट्ज़रलैंड में शुरू होगी, तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य फिर बंद किया..

तायर (लेबनान), (एपी)। लेबनान में इज़राइल के हमले जारी रहने से नाराज ईरान ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद करने की घोषणा की और यह भी कहा कि हालांकि उसके वार्ताकार बातचीत के लिए स्विट्ज़रलैंड जा रहे हैं, लेकिन वहां से ज़्यादा कुछ हासिल होने की उम्मीद नहीं है। इस बीच, प्रमुख मध्यस्थ पाकिस्तान ने कहा कि तकनीकी स्तर की बातचीत रविवार को स्विट्ज़रलैंड के बर्गेनस्टॉक में शुरू होगी, जिसमें कतर के मध्यस्थ भी शामिल होंगे। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद कर दिया गया है। इसने कहा कि यह कदम लेबनान में इज़राइल के हमले जारी रहने और अमेरिका की ''बदनीयती'' व युद्ध खत्म करने संबंधी वादों के स्पष्ट उल्लंघन की वजह से उठाया गया है। इस हफ़्ते की शुरुआत में अमेरिका और ईरान के बीच अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद जहाज़ों ने जलडमरूमध्य से गुजरना शुरू कर दिया था। वहीं, ईरान के सरकारी टीवी ने कहा कि युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत करने वाली ईरानी टीम स्विट्ज़रलैंड जा रही है। वाशिंगटन में, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शनिवार को पुष्टि की कि अमेरिका के मुख्य वार्ताकार-जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफपहले से ही स्विट्ज़रलैंड में हैं तथा ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर होने वाली संभावित बातचीत की तकनीकी बारीकियों पर काम कर रहे हैं। वेंस ने 'फॉक्स न्यूज' से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह ''अगले कुछ दिनों में कभी भी'' स्विट्ज़रलैंड के लिए रवाना हो जाएंगे। शनिवार को इससे पहले, दक्षिणी लेबनान में इज़राइली हमलों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। ये हमले वहाँ संघर्षविराम समझौते की ख़बरें आने के कुछ ही घंटों बाद हुए। शुक्रवार को लेबनान में कम से कम 47 लोगों और चार इजराइली सैनिकों के मारे जाने के बाद, मध्यस्थ इजराइल और चरमपंथी समूह हिज़्बुल्ला के बीच लड़ाई को रुकवाने की कोशिश कर रहे हैं।

जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोगलई

बालाघाट मुख्यालय मे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 हितग्राहियों को मिली घर की सौगात..

जगप्रेरणा बालाघाट।

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बालाघाट के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एएचपी (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) एवं बीएलसी (बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन) घटक के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को नवनिर्मित आवासों का आवंटन किया गया तथा पूर्ण हो चुके आवासों में गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के दौरान एएचपी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों की 18 हितग्राहियों को चाबियां एवं आवंटन पत्र प्रदान किए गए।

वहीं बीएलसी योजना के तहत कच्चे मकानों को पक्का बनाने वाले हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उनका गृह प्रवेश संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बालाघाट के उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, लोक निर्माण सभापति कमलेश पांचे, मनोनीत पार्षद गजेंद्र भारद्वाज, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश ऊके, उपयंत्री सुमित मोटवानी, सुश्री शील भलेवार सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने हितग्राहियों से समय पर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे उन्हें आगामी किस्तों का भुगतान शीघ्र प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हितग्राही पहली किस्त की राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण कार्य में ही करें तथा अन्य कार्यों में राशि खर्च न करें।

कार्यक्रम के अंत में लोक निर्माण सभापति श्री कमलेश पांचे ने उपस्थित हितग्राहियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हितग्राहियों ने पक्का आवास मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेव एवरी ड्रॉप मिशनः ड्रीम्स होंडा ने आमंत्रित किये जलसंरक्षण के लिये नागरिकों से सुझाव..

जन जन को जागरूक बनाने का लक्ष्य..

जगप्रेरणा बालाघाट।

जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से बालाघाट में होंडा डीलर ड्रीम्स होंडा बालाघाट द्वारा 'सेव एवरी ड्रॉप मिशन' के तहत व्यापक जागरूकता अभियान शुरु किया गया है। इस अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



ड्रीम्स होंडा के संचालक कमलजीत सिंह छाबड़ा ने सभी सहयोगियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम एक जल संरक्षण गतिविधि अवश्य आयोजित करें। उन्होंने बताया कि यह गतिविधि स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, गांवों में जनजागरण अभियान अथवा वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) परियोजना के रूप में हो सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। लगातार घटते जलस्तर और बढ़ती जल समस्या को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल बचाने की दिशा में अपना योगदान दें। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस विषय से जोड़ना है। श्री छाबड़ा ने बताया कि मिशन के तहत एक लाख लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कैसे किया जा सकता है जलसंरक्षण भेजे सुझाव..

ड्रीम्स होंडा संचालक कमलजीत सिंह छाबड़ा ने नागरिकों से अपील करते हुए जलसंरक्षण के लिये सुझाव भी मांगे है। श्री छाबड़ा ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर छोटा-सा प्रयास भी करे तो जल संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने सभी से संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि आज जल बचाने के लिए किया गया प्रयास आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव बनेगा। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि जैसे भी संभव हो, अपनी दिनचर्या में और जरुरतों में बदलाव करके भी जलसंरक्षण किया जा सकता है, और इसके लिये यह जागरुक नागरिकों से हम आहवान करते हैं कि जलसंरक्षण के लिये लोग अपने सुझाव भी दे सकते हैं। जल संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। श्री छाबड़ा ने कहा कि समय की मांग है कि हम सभी जागरुक बने, हर बूंद अमूल्य है, जल बचाएं, भविष्य बचाएं। जल संरक्षण के इस मिशन में सभी नागरिकों की भागीदारी से ही सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में असिस्टेंट गवर्नर बने देवेन्द्र सिंह चन्देल, बढ़ाया बालाघाट का गौरव

जगप्रेरणा बालाघाट।

रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 में बालाघाट के वरिष्ठ रोटेरियन एवं समाजसेवी देवेन्द्र सिंह चन्देल को वर्ष 2026-27 के लिए असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से न केवल रोटरी क्लब ऑफटाइगर्स बालाघाट बल्कि पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। यह नियुक्ति रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के गवर्नर रोटेरियन आलम सिंह रूपराह द्वारा की गई है।

देवेन्द्र सिंह चन्देल का कार्यकाल 1 जुलाई 2026 से 30 जून 2027 तक रहेगा। रोटरी संगठन में उनके लंबे अनुभव, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और समाजसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले भी वे रोटरी क्लब ऑफबालाघाट में सचिव और अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुल 105 रोटरी क्लब शामिल हैं।

ऐसे बड़े क्षेत्र में असिस्टेंट गवर्नर के रूप में नियुक्ति बालाघाट जिले के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है। देवेन्द्र सिंह चन्देल केवल रोटरी गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि वे लंबे समय से विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल संगठनों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष, जिला कराटे संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा दुर्गा मंदिर हनुमान चौक बालाघाट के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में वे बालाघाट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष और रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर्स में डायरेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उनकी नियुक्ति पर रोटरी इंटरनेशनल के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा जिले के गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. निखिलेश त्रिवेदी, मेजर दीपक मेहता, शशांक रस्तोगी, आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भानुप्रताप सिंह चौधरी सहित अनेक रोटेरियनों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। देवेन्द्र सिंह चन्देल की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह बालाघाट जिले के लिए भी गौरव का विषय है। जिलेवासियों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में रोटरी की सेवा गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन आज, 150 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम..

जगप्रेरणा बालाघाट।

जिले में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और बैडमिंटन खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। 20 से 21 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन नगर के अंबेडकर चौक स्थित वैनगंगा क्लब में किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 तथा पुरुष वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। रविवार को विभिन्न वर्गों के विजेता खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अमित उइके एवं राष्ट्रीय अंपायर रूपेश मिश्रा ने खिलाड़ियों के खेल का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया और प्रदर्शन में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए। दोनों विशेषज्ञों ने कहा कि ग्रामीण और जिला स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और उच्च स्तर तक पहुंचने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा जिले में बैडमिंटन को नई पहचान दिलाना है। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा बालाघाट जिलाध्यक्ष मीना राहंगडाले ने संभाला पदभार

जगप्रेरणा बालाघाट।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मीना राहंगडाले ने आज 20 जून को भाजपा कार्यालय में समारोहपूर्वक अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे,

गौरीशंकर बिसेन, सांसद पारधी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, महिला मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष लता एलकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना मर्सकोले, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पा बिसेन, हेमा वाधवानी, जिला महामंत्री डॉ. नरेंद्र भैरम सहित जिले के कोने-कोने से आएं बड़ी संख्या भाजपा, महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

सभी कार्यकर्ता ने मीना राहंगडाले का आतिशबाजी, तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत -सत्कार किया। पश्चात पदभार समारोह प्रमुख जनों के आतिथ्य में आहुत हुआ। सर्व प्रथम भारत माता, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया। सम्मेलन का सफल मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉ. नरेंद्र भैरम ने किया, वहीं आभार भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना मर्सकोले ने माना। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने दी।

देश के नव निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिकाः रामकिशोर कावरे

दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा, संगठन में महिलाओं का प्रमुखता से प्रतिनिधित्व करने वाला महिला मोर्चा पार्टी की रीढ की हड्डी है। निमित्त भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीना राहंगडाले के पदभार संभालने से निश्चित ही मोर्चा को नव गति मिलेगी। उन्होंने कहा, आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में केन्द्र और राज्य सरकार उल्लेखनीय कार्य की अंजाम दे रही है। देश के नव निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका हैं, जिसे जिले का महिला मोर्चा निसंदेह पुरी तरह निभाएंगा।

तपोनिष्ठ कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेतृत्व का आभारः मीना राहंगडाले

समारोह में नव नियुक्त भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना राहंगडाले ने अपने भाव विभोर संबोधन में कहा, विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल भाजपा का मुझे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है। निश्चित ही इस महत्ती जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करूंगी। भाजपा के तपोनिष्ठ कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी के उत्कृष्ट कार्यों को हम सब मिलकर आगे बढ़ाएंगे।

इन्होंने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर देवीलता ग्वालवंशी, वंदना बारमाटे, कीर्ति कांवरे, मीनाक्षी हरिनखेडे, गरिमा गौतम, पूनम खोबरागढे, श्वेता जैन, अमिता गुप्ता, उषा कटरे, पूनम गोरले, रक्षा हरिनखेरे, पुष्पा नागेश्वर, इंद्रकला राहंगडाले, ममता राऊत, कृष्णा सिंह, ऊषा धुवारे, दिपिका बिसेन, गौरी लिल्हारे, ऋतु मोहारे, जया शुक्ला, अभय सेठिया, दिलीप चौरसिया, डुलेन्द्र ठाकरे, सुधीर चौधरी, सुमित यादव, हेमेंद्र क्षीरसागर, जितेन्द्र चौधरी, गजेन्द्र भारद्वाज, वेदराम राहंगडाले, सुधीर माहुले, भुवन राहंगडाले, रमाकांत डहाके, विशाल मंगलानी, चंद्रकांत पिपलेवार, सिद्धांत पाटिल, डिल्हन सिंह ताराम, मनोज बुचुरकुंडे, गगन नगपुरे, संजू वराडे, संतोष सिंगारे, खिमेन्द्र गौतम, जितेन्द्र सिंह राजपूत, राजेन्द्र चौधरी, बब्लू बिसेन, लतेश गौतम, अभिशेक मिश्रा, अखिलेश चौरे, प्रज्जवल चौरसिया, सिद्धार्थ वाजपेई, अनमोल रामटेके, शशांक डोंगरे, अजय नगपुरे, पंकज कुरवे, डिग्रेन्द्र गौतम सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के निवास पर धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, जननायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के निवास स्थान पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचे सैकड़ों

कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने राहुल गांधी जी के राजनीतिक जीवन, उनके संघर्ष, जनसरोकारों के प्रति समर्पण तथा देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए मजबूती से अपनी आवाज उठाई है।

उन्होंने युवाओं को राजनीति में सकारात्मक भागीदारी निभाने और समाज के कमजोर वर्गों के हितों के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी आज देश के करोड़ों युवाओं की आशा और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं। उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है और देश को एकजुट रखने के लिए निरंतर संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के विचार और कार्यशैली नई पीढ़ी को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुंगे, पूर्व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव जुगल शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहीम खान सहित अन्य वक्ताओं ने भी राहुल गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक जीवन पारदर्शिता, जनसेवा और संघर्ष की मिसाल है तथा उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी आमजन की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भीम फुलसुंगे, पूर्व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव जुगल शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहीम खान, वरिष्ठ कांग्रेसी अल्लाह रखा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूरू पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी शमीम सिद्दीकी, पूर्व पार्षद संतोष बालेश्वर, छविराम नागेश्वर, सेवादल कांग्रेस जिला वरिष्ठ कांग्रेसी विजय अग्रवाल, अध्यक्ष जीतू बर्वे, रामभाऊ पंचेश्वर, पूर्व पार्षद निखिल गौतम, पार्षद शक्ति मंसूरी, राम सिंह भाटिया शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बाबूलाल राणा, धर्म प्रकोष्ठ अध्यक्ष केवल सिंह झरिया, मकसूद खान, विनोद पंचकर, मीडिया प्रभारी प्रतीक जैन, छात्र नेता शिवम शर्मा, धर्मेंद्र बोपचे, जय कृष्ण डिंगरू, राजू बॉस, फिरोज कुरैशी, महेंद्र दास, शब्बीर पटेल, जयदीप सिंह, सुमेन्द्र बंसोड़, महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मधु गजभिए, ब्लॉक अध्यक्ष पूजा गोस्वामी, सेवादल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेशमा कमरे, श्रीमती यशोधरा सैनी, श्रीमती प्रीति सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी जी के नेतृत्व में देश में सामाजिक न्याय, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा तथा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जी के समर्थन में नारे लगाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विधायक दिनेश राय मुनमुन किसान सम्मान निधि कार्यक्रम मे हुए सम्मिलित

जगप्रेरणा सिवनी।

20/06/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन किसान सम्मान निधि हस्तांतरण और प्राकृतिक खेती कार्यशाला व कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए।

आज यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 21 वीं किश्त के तहत लाभार्थी किसानों के बैंक खातों मे राशि का वर्चुअल रुप से हस्तांतरण अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी सिवनी के कृषि विज्ञान केन्द्र प्रांगण मे आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। तथा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ कराया। इसके उपरांत विभागीय अधिकारियों द्वारा आपश्री का पुष्प गुच्छ से स्वागत व अभिनंदन किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे अपने संबोधन मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सबसे पहले मैं अपने अन्नदाता किसान भाइयों को प्रणाम करता हूं। मैं आज भले ही विधायक हूं, लेकिन मूल रूप से मैं भी एक किसान हूं।

हम सब मिट्टी से जुड़े हैं और खेती का व्यावहारिक अनुभव रखते हैं। हम जानते है हमारे दादाजी और पिताजी के जमाने में जब हम तीन-सौ एकड़ में खेती करते थे, तब मुश्किल से चार-पांच बंडे अनाज होता था, जिससे सिर्फ घर का गुजारा और थोड़ा-बहुत बाजार जाता था। आज तकनीक और बदलाव का ही असर है कि जितनी पैदावार तब तीन-सौ एकड़ में होती थी उतनी हम दस एकड़ में कर रहे हैं।

निश्चित रूप से हमारे किसानों के जीवन में समृद्धि आई है, लेकिन इसके साथ ही खेती की लागत और जोखिम भी बढ़ गए हैं। परिवारों मे बंटवारे के कारण जमीन के टुकड़े छोटे होते जा रहे हैं, फिर भी किसान कम जमीन पर भी अपने पूर्वजों के बराबर अनाज पैदा कर रहा है। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि परंतु इस प्रगति के साथ आज विश्व के सामने एक बड़ी चिंता भी खड़ी हो गई है। अंधाधुंध रासायनिक खादों और दवाइयों के उपयोग से हमारी जमीनों की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है। ज्यादा पैदावार लेने की इस होड़ के अब घातक दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। जो गंभीर बीमारियां पहले कभी हमारे गांवों और घरों में सुनने को भी नहीं मिलती थीं, वे आज हर घर में देखने को मिल रही है। हमें मिलकर अब इस दिशा में सोचने और अपनी धरती को बचाने की जरूरत है। कार्यक्रम के पड़ाव मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने परिसर मे लगाए गये विभिन्न कृषि स्टालों का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं और नयी तकनीकों की जानकारी भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी जी, जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल जी, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर जी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप राय जी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सनोडिया जी, जिला उपाध्यक्ष नवनीत ठाकुर जी, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा जी, जनभागीदारी समिति पीजी कालेज अध्यक्ष अजय पांडे जी, ठाकुर महताब सिंह जी, जिलाध्यक्ष नमोविम घनश्याम बघेल जी, मुकेश चंदेल जी, अरुण उपाध्याय जी, शुभम राजपूत जी, चंदू बघेल जी सहित प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संख्या मे अन्नदाता किसान बंधुओं की उपस्थिति रही।

आगामी पर्वों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित..

जगप्रेरणा सिवनी।

आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा सहित शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, विभिन्न धर्मों के गणमान्य नागरिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मोहर्रम पर्व को लेकर बनी सहमति

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी मोहर्रम पर्व के दौरान ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे। सभी से अपील की गई कि जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे का उपयोग न किया जाए तथा किसी भी धार्मिक स्थल के सामने ऐसे गीत या संगीत का प्रसारण न हो, जिससे किसी अन्य धर्म या समुदाय की भावनाएं आहत हों। ताजिया विसर्जन केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही विसर्जन स्थल दल सागर में समुचित प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जुलूस मार्गों पर एंबुलेंस एवं चिकित्सकीय टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मार्गों की साफ-सफाई कराने तथा बिजली के तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। बैठक में सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट न करें और न ही उन्हें साझा करें। प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली आपत्तिजनक सामग्री पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

ज्ञानभारतम मिशन की दी जानकारी..

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए संचालित 'ज्ञानभारतम मिशन' की जानकारी देते हुए सभी मतावलंबियों से अपने पास उपलब्ध पुराने हस्तलिखित पांडुलिपि ग्रंथ प्रशासन को उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन दुर्लभ पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन के माध्यम से जिले की प्राचीनता, सांस्कृतिक धरोहरों एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित किया जा सकेगा।

बैठक के अंत में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी ने सभी नागरिकों, ताजिया समितियों एवं अखाड़ा संचालकों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखते हुए आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

नया शैक्षणिक सत्र आरंभ छात्रावास से रहते है, कर्मचारी नदारद..

जगप्रेरणा उगली।

सिवनी जिले के अंतर्गत आने वाले विकासखंड केवलारी के उगली के अंतर्गत निकट ग्राम मोहबर्रा सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास मोहबर्रा में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हो चुका है,

और स्कूलों में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम चालू हो गया है नए सत्र के प्रवेश और अन्य गतिविधियां संचालित होने भी लगी है।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय छात्रावास में अधीक्षक, रसोईया, जलवाहक व चौकीदार सभी पूरा स्टाफ मौजूद होने के बाद भी पिछले सत्र की परीक्षा अवधि समाप्ति के बाद से आज दिवस तक रसोईया अरुण चंद्रौल जो केवल औपचारिकता के आधार पर रसोईया के पद पर होने के बाद, अपने हॉस्टल में औपचारिक्ता अदा करते हैं, इन्होंने अपने कार्य में बाधा ना आए इसलिए एक मोहबर्रा के संतोष रांहगडालें को मजदूरी में अपने कार्य पर रख लिया था, जिन्हें रुपए 5000 मासिक भुगतान के आधार पर रखा गया था, जिसको उसकी मजदूरी का भुगतान भी बकाया है, दूसरी गंभीर बात हॉस्टल अधीक्षक मयूर महाजन यह भी अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार दिखाई नहीं पड़ते, आए दिन जिला मुख्यालय और अन्य दूसरी गतिविधियों में व्यस्ततम ही दिखाई देते हैं।

अगले कर्मचारी मोहबर्रा के ही एक सातुलेजी हैं, जो बतौर चौकीदार है,और आगामी दो महिने बाद सेवानिवृत हो जाएंगे केवल एक जलवाहक लक्ष्मी रांहगडाले से जब पत्रकारों के दल ने गत दिवस हॉस्टल का निरीक्षण किया तो पता चला कि रसोईया पद पर अरुण चंद्रौल ने 16 जून को हॉस्टल आकर साफ सफाई साथ में करेंगे ऐसा बोला था, लेकिन आज 20-21 तारीख हो गई है उनका कोई अता पता नहीं है, इस संदर्भ में हॉस्टल अधीक्षक से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नियमित सभी कर्मचारी हॉस्टल आते हैं, हॉस्टल की गंभीर स्थिति यह है, कि नए प्रवेश के लिए प्रबंधन के पास वहां पर फार्म उपलब्ध नहीं है, बिजली व्यवस्था हॉस्टल की ठप्प पड़ी है, क्योंकि छात्रावास में विद्यालय को घर जैसा माहौल प्रदान किया जाए इसलिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, हॉस्टल के निकट ही उगली क्षेत्र की शान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहबर्रा संचालित होता है,विद्यालय के निकट हॉस्टल के हाल-चाल ऐसे हैं,

जिले के बैठे हुए संवेदनशील अधिकारी कलेक्टर से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ग्रामीणों ने निवेदन किया है कि शीघ्र मोहबर्रा सहित उगली,सरेखा, पां.छपारा के सभी हॉस्टलों का शीघ्र निरीक्षण कर यहां की वस्तु स्थिति का जाएजा लेकर संबंधित कर्मचारीयों को अपने दायित्व का पालन करने के लिए प्रेरित करें और शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएं.

लापरवाही से बदल रही नदी की धारा, अफसरों को नहीं परवाह..

बारिश में शहर के लिए मुसीबत बनेगी जीवन दायिनी

वैनगंगा नदी में नियमों और अधिकारों का अतिक्रमण कर किया जा रहा खनन..

भविष्य में अतिक्रमण के लिए तैयार हो रही रूपरेखा..

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के छपारा तहसील मुख्यालय के किनारे से बहने वाली जिले की जीवनदायिनी वैनगंगा नदी से सिल्ट निकालने का आदेश अब विभाग के लिए गले की फांस बनता जा रहा है। वहीं आने वाले दिनों में छपारा शहर के लिए भी

जलभराव क्षमता बढ़ाने का यह कथित आदेश परेशानी का सबब बन सकता है। मानसून के मुहाने पर खड़े शहरी अब आने वाले दिनों की चिंताओं को लेकर परेशान हैं। डूब क्षेत्र में आने वाले छपारा में इस खनन से अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस तरह बिना किसी व्यवस्थित देखरेख के बेतरतीब तरीके से नदी को छलनी किया जा रहा है वह भी सवालों के दायरे में है। पर्यावरण को होने वाली संभावित क्षति को लेकर अब पर्यावरण प्रेमी भी इस मामले को सभी संभव मंचों पर ले जाने की बात कह रहे हैं। वहीं अधिकारी अपनी खामियों को छिपाने के लिए अलग-अलग तर्क दे रहे हैं।

क्या है मामला..

छपारा मुख्यालय के किनारे वैनगंगा नदी बहती है। मई माह की 11 तारीख को मध्यप्रदेश गौण कनिज अधिनियम 1996 के प्रावधान अनुसार छपारा नगर परिषद के सीएमओ को सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री पीएन नाग ने लोक प्रायोजन के चलते सिल्ट (गाद) निकालने की अनुमति दी। जिसके बाद नगर परिषद के द्वारा छपारा नगर के किनारे से बहने वाली वैनगंगा नदी में सिल्ट की खुदाई शुरु कर दी गई।

आलम यह रहा कि दर्जनों ट्रकों, डंपर और कई जेसीबी के जरिए खुदाई शुरु कर दी गई। इस दौरान बेतरतीब तरीके से नदी में खनन शुरु कर दिया गया। काफी सारी मिट्टी बाहर पहुंचा दी गई वहीं कई डंपर मिट्टी को नदी के एक किनारे पर सिंचाई विभाग की जमीन पर जमा कर रख दिया गया। जिससे नदी का एक किनारा काफी ऊंचा और दूसरा निचला हो गया है। इसके साथ ही नदी के किनारे को पाटकर वहां पर सिल्ट जमाई जा रही है। छपारा के बीच से निकलने वाले एक नाले की दिशा भी मोड़ दी गई है और वैनगंगा की भी दिशा में बदलाव किया जा रहा है।

उठ रहे हैं कई सवाल..

वैनगंगा में सिल्ट निकाले जाने की अनुमति को लेकर मंशा पर कई सवाल उठ रहे हैं। वैनगंगा से निकाली जाने वाली सिल्ट का कोई हिसाब नहीं रखा जा रहा है। कितने, किसके डंपर खनन कर रहे हैं। इसकी कोई सूची नहीं बनाई जा रही है। इसके साथ ही खनन किस स्थान पर, कैसे और कितना किया जाएगा इसकी भी निगरानी नहीं रखी जा रही है। नदी के किनारे सिल्ट को डंप किया जा रहा है। जिससे भविष्य में अतिक्रमण की संभावना बनी हुई है।

नदी की मुड़ रही है दिशा..

छपारा में पुल और घाट के पास एक स्थान पर बड़ी मात्रा में नदी से निकाली जा रही मिट्टी को जमा किया जा रहा है। इससे नदी की दिशा मुड़ जाने की आशंका बनी हुई है। एक ओर का तट ऊंचा हो जाने से दूसरी ओर के खेतों और घरों में पानी घुसने की आशंका है। वहीं नदी में मिलने वाले एक नाला की भी दिशा मोड़ी जा रही है। जिससे जलभराव के दिनों में पानी शहर में घुसने की आशंका है।

न गिनती न देखरेख..

जिस बड़े पैमाने में वैनगंगा नदी में सिल्ट के नाम पर उत्खनन किया जा रहा है उसकी कोई निगरानी न तो सिंचाई विभाग और ना ही नगर परिषद के द्वारा की जा रही है। कितने वाहन इस काम में लगे हैं, कितनी अबतक खुदाई हो चुकी है इसकी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। आमतौर पर ये सिल्ट काफी उपजाऊ होती है जिसे किसानों के खेतों में दिया जाना चाहिए लेकिन यहां पर निकाली जा रही सिल्ट को एक स्थान पर जमा किया जा रहा है। सिंचाई विभाग की इस जमीन में पहले से ही अतिक्रमण कर कई पक्के निर्माण कार्य किए जा चुके हैं लेकिन बावजूद इसके विभाग की चुप्पी सवाल खड़े करती है। पिछले दिनों खुदाई करते हुए कुंभकारों के लिए सुरक्षित भूमि पर भी जेसीबी पहुंच गई थी जिसके बाद काफी विवाद की स्थिति बनी थी।

इसलिए उठ रहे हैं सवाल..

इस पूरी कार्रवाई में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। चूंकि छपारा का यह वैनगंगा तट डूब क्षेत्र में आता है। गोंडवाना शासन काल की बनी गढ़ी लगभग आठ महीने डूब में रहती है। इस तरह के बांध अक्सर आगामी एक सौ बरसों की योजना को लेकर बनाए जाते हैं। ऐसे में डूब क्षेत्र से सिल्ट निकाले जाने की अनुमति देने की योजना शासन स्तर से बनाई जाती है।

विभाग के अधिकारी जिन नियमों के आधार पर अनुमति की बात कर रहे हैं वे खनिज विभाग के लिए हैं। वहीं गौण खनिज के आधार पर सिल्ट की अनुमति दी गई है जबकि यह भूमि आर्द भूमि के तहत आती है। सिल्ट को एक स्थान पर एकत्र किए जाने को लेकर अधिकारी जानकारी नहीं होने की बात कह रहे हैं। जरूरी है कि इस मामले पर आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएं नहीं तो आने वाले दिनों में आम लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

बोले कार्यपालन यंत्री पीएन नाग..

खनन की अनुमति नगर परिषद के आवेदन पर दी गई है। सिल्ट निकालकर कहां डंप की जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। हमारे विभाग में कर्मचारियों की कमी है इस कारण वहां कोई कर्मचारी तैनात नहीं है। यदि भविष्य में अतिक्रमण का प्रयास किया जाता है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बोले उदय सिंह परते..

मैंने हाल में ही ज्वाइन किया हूं। इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं है। आपके द्वारा संज्ञान में लाने के बाद में खुद मौके पर जाकर मुआयना करूंगा। यदि कुछ गलत हो रहा है तो दोषियों पर कार्रवाई के लिए अनुसंशा की जाएगी।

महाराणा प्रताप जयंती पर वीरांगनाओं ने किया माल्यार्पण, शौर्य व स्वाभिमान को किया नमन..

जगप्रेरणा बरघाट।

अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा, सिवनी द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती के अवसर पर बरघाट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान उपस्थित वीरांगनाओं एवं समाजजनों ने महाराणा प्रताप के अद्वितीय शौर्य, त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में समाज की एकता पर बल देते हुए सभी क्षत्रिय परिवारों से संगठित रहने एवं महाराणा प्रताप के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा की प्रदेश महासचिव श्रीमती सविता गौतम, जिला अध्यक्ष श्रीमती खुशहाली चौहान, जिला संरक्षक श्रीमती शोभा राजपूत, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या राजपूत एवं श्रीमती आकांक्षा सेंगर सहित अंबिका चौहान, श्रद्धा चौहान और डॉली ठाकुर उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में बरघाट नगर से भाजपा जिला संयोजक (शिक्षक प्रकोष्ठ) नरेश सिंह राजपूत, कुंवर विजय सिंह राजपूत, नीलांश सिंह राजपूत, विकास जैन, रत्नेश दीक्षित, अनिरुद्ध तिवारी, महेश राहंगडाले, आशु पाठक, आनंद, मनीषा राजपूत, संगीता राजपूत, काव्या राजपूत, मधुबाला ठाकुर, शालिनी एवं हेमा राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज..

हृदय रोग स्त्री रोग सर्व रोग विशेषज्ञ करेंगे इलाज..

जगप्रेरणा छपारा।

आज 21 जून को सुबह 11:00 से 3:00 तक मिशन स्कूल प्रांगण में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के मुख्य अतिथि एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाब साहू जी की विशेष अतिथि में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा एवं बी एम ओ के सानिध्य में किया जा रहा है विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्व रोग विशेषज्ञ के द्वारा इलाज किया जाएगा विशाल निशुल्क शिविर में डॉ अनिमेष गुप्ता एमडी मेडिसिन हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमा महेश्वर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना ठाकुर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में आने वाले मरीज का निशुल्क इलाज करेंगे शिविर के आयोजक आलिंद हार्ड फाउंडेशन एवं जीवंता हेल्थ केयर सेंटर राइट टाउन जबलपुर का विशेष सहयोग रहेगा निशुल्क शिविर में विशेषज्ञों से परामर्श एवं मार्गदर्शन विशेषज्ञों से निशुल्क ले सकते हैं विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

वारासिवनी में अवैध रेत उत्खनन की बली चढ़ा 13 वर्षीय बालश्रमिक हिमांशु बुरे..

ट्रेक्टर मालिक शशांक दूबे, सोमु शुक्ला सहित 4 के खिलाफअपराध दर्ज..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

बालाघाट जिले के वारासिवनी, कटंगी संहित जिले में भर में अवैध रेत खनन धड़ल्ले से जारी है, सबसे बड़ी बात यह है कि जब रेत घाटों की निलामी की गई तब भी ऐसे ही अवैध रेत उत्खनन करने वालों की अवैध करतूत जारी रही, और रेत ठेकेदारों से जबरन वसूली के लिये पंजीकृत ठेकेदारों पर उल्टे अवैध रेत उत्खनन के आरोप लगाकर बदनाम किया जाता रहा,

लेकिन आज 20 जून को ऐसे ही एक अवैध रेत उत्खनन के दौरान एक नाबालिग बालक से बाल मजदूरी करवाते हुए अवैध रेत उत्खनन करने वालों की लापरवाही के चलते ट्रैक्टर में मजदूरी का काम कर रहे 13 वर्षीय बच्चे की रेत से भरी ट्राली से गिरकर चक्के में आने से दर्दनाक मौत हो गई।

घटना देर रात करीब दो बजे की बताई जा रही है, इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद ट्रेक्टर मालिक शशांक दूबे और सोमु शुक्ला तथा ट्रेक्टर चालक करण कुमले व शिवा मेश्राम के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या व रेत चोरी की धाराओं (धारा -105, 303(2), 95, 317(5) बीएनएस 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम धारा 53/1 म.प्र. गौण खनिज अधिनियम) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शशांक दुबे और सोमू शुक्ला नामक ट्रैक्टर मालिक प्रति दिन देर रात्रि से सुबह तक गायत्री मंदिर के पीछे स्थित टोंडिया नाले से सामने खड़े होकर रेत चोरी कर अपने खुद के ट्रेक्टर से परिवहन करवाते थे जिसमें मजदूरों के रूप में इन ट्रैक्टरों में छोटे छोटे बच्चों का उपयोग किया जाता था। घटना वाले दिन भी 13 वर्षीय कक्षा 9 का छात्र हिमांशु राजेंद्र बुरे भी रेत निकालने शशांक दुबे के ट्रैक्टर पर गया था जब ट्रैक्टर रेत भरकर नाले से भाग्योदय कालोनी से निकल कर रेत से भरा ट्रैक्टर देर रात करीब दो बजे वारा गाँव की ओर जा रहा था कि तभी गायत्री मंदिर के समीप बालक हिमांशु का बैलेंस बिगड़ जाने से नीचे गिर गया और सीधे रेत से भरी ट्राली के टायर के नीचे आ गया जिससे बालक के सिर के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही मोर्ट हो गई।

ड्राईवर के झूठ को पकड़ लिया पुलिस ने..

गौरतलब है कि घटना के बाद ट्रैक्टर के आगे चल रहे ट्रैक्टर मालिक को ड्राइवर ने घटना की सूचना दी जिस पर मालिक शशांक दुबे ने ड्राइवर और मजदूरों को इस घटना को किसी ट्रक से घटित होना बताने के लिए कहा जिस पर उस समय तो इन लोगों ने घटना को किसी ट्रक से घटित होने की जानकारी परिजनों और पुलिस को देकर गुमराह करने का प्रयास किया जिस पर पुलिस भी अज्ञात वाहन की तलाश में थी लेकिन अस्पताल में बच्चे के शव को देखने के बाद ड्राइवर ने आखिरकार सच उगल ही दिया और घटना की पूरी सच्चाई संवाददाताओं को बता दी कि किस तरह ट्रैक्टर मालिक शशांक दुबे ने उन्हें झूट बोलने मजबूर किया।

उत्कृष्ट स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था मृतक..

सनद रहे कि वारा गाँव के वार्ड 5 अटल नगर में निवासरत हिमांशु राजेंद्र बुरे 13 वर्ष सांदीपनि विद्यालय वारा में कक्षा 9 वीं का छात्र था जिसने एक दिन पूर्व ही कक्षा 9 की पूरक परीक्षा दी थी और रात्रि में रेत चोर के ट्रैक्टर पर मजदूरी करने गया था।

बताया जाता हैं कि मछुआरा समुदाय से आने वाले हिमांशु के माता पिता भी मजदूरी का काम करते हैं।

रेत चोरी पर रोक के दावे की खुली पोल..

गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा रेत चोरी रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करने के बड़े बड़े दावे किए जाते हैं जिसकी पोल शुक्रवार-शनिवार की देर रात्रि हुए इस दर्दनाक हादसे से खुल गई कि प्रशासन के दावे में कितना दम हैं। बताया जाता हैं कि इन दोनों शशांक दुबे और सोमू शुक्ला द्वारा टोंडिया नाले और चंदन नदी के विभिन्न घाटों से रेत की चोरी संगठित तरीके से लंबे समय से की जा जिस पर जिम्मेदारों द्वारा जानकारी रहने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नही की गई जिसका परिणाम आज 14 साल के मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत के रूप में सामने आया हैं। इतना ही नही शहर में प्रशासन द्वारा जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और चोरी रेत से भरे ट्रैक्टर देर रात्रि से शहर से फर्राटे भरते हुए निकलते हैं लेकिन उनको पकडना जिम्मेदार लोग मुनासिब नही समझते हैं।

रामपायली क्षेत्र में भी रात के अंधेरे में हो रही रेत चोरी..

इतना ही नही रामपायली थानाक्षेत्र स्थित चंदन नदी के विभिन्न घाटों से भी रात के समय कुछ जिमेदारों के सहयोग से रेत निकालने का कारोबार खूब फलफूल रहा हैं और इधर प्रशासन कागजों में रेत चोरी पर अंकुश लगाने की बड़ी बड़ी बातें कर रहा हैं।

ड्राइवर पुलिस अभिरक्षा में..

देर रात घटना घटित होने के बाद अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस को जैसे ही पता चला कि घटना ट्रैक्टर से ही घटित हुई हैं पुलिस ने तुरंत अस्पताल परिसर से ड्राइवर करण भूरे को पुलिस अभिरक्षा में लेकर ट्रैक्टर मालिक शशांक दुबे के घर से जप्त कर थाने में लाकर खड़े करवा दिया हैं।

बोले थाना प्रभारी पवन यादव..

वारासिवनी के थाना प्रभारी पवन यादव ने बताया कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अवैध रेत के परिवहन में लगे दोनों ट्रैक्टरों को जप्त करने के साथ ही ट्रैक्टर ड्राइवर करण भूरे और दोनों ट्रैक्टर मालिको पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर दोनों ट्रैक्टर मालिकों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

झंझागी में तथागत सम्यक सम्बुद्ध व डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण..

एक शाम बाबासाहब के नाम, एक शाम संविधान के नाम कव्वाली में सुप्रसिद्ध कव्वाला राखी ताज ने दी प्रस्तुति..

जगप्रेरणा कटंगी।

तहसील मुख्यालय कटंगी से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत झंझागी में जीवन वाती मां सार्वजनिक बुद्ध विहार समिति झंझागी के तत्वावधान में परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के 100वें वर्षगाठ के अवसर पर बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं

सम्यक सम्बुद्ध व आधुनिक बुद्ध परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण व भिक्षु निवास का उद्घाटन कार्यक्रम के उद्घघाटक पूज्य भदंत धम्म तप, कार्यक्रम अध्यक्षता अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बोरकर (बामसेफ) दिल्ली, विशेष अतिथि दलित मेश्राम अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तिरोड़ी, कपिल मेश्राम सभापति नगर परिषद कटंगी, महेंद्र हिरकने तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा कटंगी, संजय शेंडे अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी, भोजराज वासनिक सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता, डीडी गजभिए नगर अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ कटंगी, रामचंद्र मेश्राम सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता, यशवंत गणवीर सचिव परम् पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह कटंगी, चन्द्रप्रभा युवराज वाघाडे सरपंच ग्राम पंचायत झंझागी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ पूज्य भदंत धम्म तप अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े संजय बोरकर दानदाता इंजीनियर डॉ. बीएल चौहान के हस्ते बुद्ध विहार का लोकार्पण व तथागत सम्यक संबुद्ध तथा परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा अनावरण व भिक्षु निवास का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात पूज्य भंते धम्म तप ने पूजा वंदना करवाई आयोजन समिति ने सभी आमंत्रित अथितियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सुनील डोंगरे ने बुद्ध अंबेडकर मिशन पर बेहतरीन गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंचीय उद्बोधन में बतौर मुख्य वक्ता दीपांशी बौद्ध आयु 13 वर्ष ने अपने उद्बोधन में समूचे समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी यदि भारतीय संविधान की रचना न करते तो शायद मुझ जैसी बच्ची को उद्बोधन करने का अवसर प्राप्त न होता। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सौम्य मेश्राम आयु 14 वर्ष ने अपने चिरपरिचित से अंदाज में कहा कि संतों, महापुरुषों के आंदोलन से ही समाज में सामाजिक धार्मिक राजनीतिक परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बोरकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुद्ध विहार का प्रबंधन में बहुजन समाज के लोगों को समाहित करना चाहिए। कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य भदंत धम्म तप ने कहा कि तथागत सम्यक संबुद्ध व परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी का मिशन शीलवान निष्ठावान समर्पित लोगों से ही संभव है। दानदाता इंजीनियर डॉ. बीएल चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि संपन्न लोगों को दान देना चाहिए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट ने अपने उद्बोधन में कहा कि परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी ने अपने जीवन में अर्जित आय से दिल्ली में डॉ. अंबेडकर भवन बनवाया। पीपुल्स एजुकेशन सोसायटी स्थापित कर सिद्धार्थ और मिलिंद कालेज की स्थापना की। बालाघाट जिले के इतिहास में ये इबारत स्वर्ग अक्षरो से अंकित होगी कि डॉ. बीएल चौहान सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता के द्वारा सेवानिवृत्त होने के उपरांत प्राप्त राशि से भव्य बुद्ध विहार का निर्माण करवाया व तथागत सम्यक संबुद्ध व परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा क्रय कर स्थापित किया है। अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने कहा कि समाज में सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों के लोग चंदों से अपना निजी स्वार्थ साधते है। जबकि उक्त धन समाज हित में किया जाना चाहिए। बुद्ध अंबेडकर मिशन धन अर्जित करने का माध्यम नहीं वरन त्याग समर्पण व दान बलिदान की आवश्यकता है। आभार प्रदर्शन महेंद्र हिरकने ने किया। मंचीय उद्बोधन उपरांत रात्रि 10 बजे राखी ताज की बेहतरीन कव्वाली संपन्न हुई।

इनका रहा योगदान

समिति के अध्यक्ष महेंद्र मेश्राम, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गजभिए, प्रकाश चौहान, सचिव निर्दोष नागदेवे, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार चौहान, प्रचार मंत्री रामदास गजभिए, साधुराम भालाधरे, योगराज मेश्राम, हर्षल गजभिए, अंकित मेश्राम, सरला मेश्राम, आशा चौहान, संगीता नागदेवे, दमयंती गजभिए, विद्या गजभिए सहित अनेकों सामाजिक धार्मिक बंधुओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सतत प्रयासरत रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अरविंद दरवडे ने किया।

वारासिवनी में आज 21 जून को भव्य रूप में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस..

स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर टिहली बाई स्कूल प्रांगण में जुटेगा नगर

जगप्रेरणा वारासिवनी।

12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ÷योग फॉर हेल्दी एजिंग÷ (स्वस्थ आयु के लिए योग) की खास थीम के साथ कल यानी 21 जून को देशभर में मनाया जाएगा। आयुष मंत्रालय, स्थानीय प्रशासन और महर्षि पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान के संयुक्त सहयोग से हर वर्ष की तरह इस साल भी

मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत में विशाल योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वारासिवनी के छोटी टीहली बाई स्कूल प्रांगण (नगर के बीच स्थित जिला योग भवन परिसर) में कल एक भव्य और विशाल योग कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए शुक्रवार को पतंजलि योग समिति की एक विशेष बैठक संपन्न हुई थी, जिसके बाद आज शनिवार, 20 जून को कार्यक्रम स्थल पर भव्य पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) भी किया गया।

सुबह 5 से 8 बजे तक होगा सामूहिक योग और प्रदर्शन - गोविंद टेंभरे

पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक गोविंद टेमरे ने बताया कि इस बार भारत सरकार द्वारा तय थीम ÷स्वस्थ आयु के लिए योग÷ पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि नियमित योग से ही मनुष्य दीर्घायु और निरोगी रह सकता है। उन्होंने बताया कि वारासिवनी और सिकंदरा क्षेत्र में समिति द्वारा करीब 13-14 योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कल होने वाले इस मुख्य आयोजन में इन सभी कक्षाओं के साधक सामूहिक रूप से हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम सुबह 5:00 बजे से प्रारंभ होकर 8:00 बजे तक चलेगा, जिसमें तय प्रोटोकॉल के अनुसार योग क्रियाएं कराई जाएंगी। इसके साथ ही बच्चों और योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कठिन योगासनों का लाइव प्रदर्शन (डेमोन्स्ट्रेशन) भी किया जाएगा।

भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रतिदिन 1 घंटा योग जरूर - योग शिक्षक भेजेंद्र चौधरी

पूर्वाभ्यास के दौरान योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए योग शिक्षक भेजेंद्र चौधरी ने कहा कि आज के समय में बच्चे, बूढ़े, युवा और हर वर्ग के लोगों को योग से जुडने की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने बढ़ती भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवन शैली के बीच हर व्यक्ति को अपने लिए कम से कम एक घंटा योग अपनाने पर बल दिया। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व को भारत योग और आयुर्वेद की शिक्षा दे रहा है।

नगरवासियों से शामिल होने की अपील..

पतंजलि योग समिति द्वारा पूरे वारासिवनी नगर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और प्रबुद्ध जनों से अपील की गई है कि कल 21 जून को सुबह ठीक 5:00 बजे छोटी टीहली बाई स्कूल प्रांगण में पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाएं और योग को अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लें, ताकि योग का यह कल्याणकारी संदेश जन-जन तक पहुंच सके।

मित्र मंडल के 49 वे स्थापना दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

जगप्रेरणा रामपायली।

रामपायली क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था 'रामपायली मित्र मंडल रामपायली' ने 18 जून को अपने 49 वे स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को ध्यान

रखते हुए संस्था अध्यक्ष रजनीश नकाशे के नेतृत्व में संस्था पदाधिकारियों एवं विद्यालय स्टॉफके साथ वृक्षारोपण कर स्थापना दिवस को यादगार बनाने की कोशिश की। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित कर पर्यावरण को बढ़ाने में में अपना योगदान दिया और कहा कि पर्यावरण नहीं होगा तो मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा होगा इस लिए हमे पर्यावरण को शसक्त बनाने के लिए पेड़, पौधे लगाना चाहिए।

इसी दिशा में संस्था रामपायली मित्र मंडल रामपायली अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए आज अपने 49 वे स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर रही है।

इसी कड़ी में संस्था अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर संस्था के संस्थापक स्व. प्रताप भुवनेश्वर सिंह चौहान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। साथ ही साथ सदस्यों द्वारा संस्था के उन सभी सदस्यों को याद किया गया जिनका संस्था को बनाने और आगे बढ़ाने में अतुलनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रजनीश नकाशे, सचिव अमित सिंह बैस, कोषाध्यक्ष केवल शिवहरे, सहसचिव विजय राऊत, शाला व्यवस्थापक शैलेन्द्र सिंह बैस, वरिष्ठ सदस्य ठाकुर नरेंद्र सिंह चौहान, रविशंकर दास वैष्णव, रामकिशोर अग्रवाल, मुकेश तिवारी, सुबोध रूसिया, राजेंद्र सिंह चौहान, संदीप बाघमारे, प्राचार्य टी. सी. बिसेन, वरिष्ठ शिक्षक एन. एस. बैस, एल. महेशकर मैडम, विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाए और नागरिक गण उपस्थित रहे।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

सुप्रिया सुले की बेटी रेवती ने सारंग लखानी से शादी की, भागवत, राहुल, खरगे प्रीतिभोज में शामिल हुए..

मुंबई, (भाषा)।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नेता सुप्रिया सुले की बेटी और पार्टी प्रमुख शरद पवार की नातिन रेवती सुले ने शनिवार को नागपुर के उद्योगपति सारंग लखानी से शादी की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत, लोकसभा में विपक्ष के

नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद प्रफुल पटेल एवं सौ. वर्षा पटेल सहित अन्य गणमान्य लोग शादी समारोह में शामिल हुए।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कल रात 'संगीत' समारोह में शामिल हुए थे। सारंग के पिता अरुण लखानी विश्वराज ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक हैं, और हाल ही में वह महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए निर्विरोध चुने गए। सारंग, विश्वराज ग्रुप के कार्यकारी निदेशक हैं। रेवती सुले ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की है।

राम मंदिर को दान दी गई 40 किलोग्राम चांदी का पता नहीं : ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रमुख

लखनऊ, (भाषा)।

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की हेराफेरी के आरोपों के बीच लखनऊ के एक जौहरी ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें मंदिर को दान में दिए गए तीन किलोग्राम वजनी चांदी के दीपक और चांदी की अन्य वस्तुओं की मौजूदा स्थिति के बारे में कोई जानकारी

नहीं है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के उत्तर भारत प्रमुख अनुराग रस्तोगी ने कहा कि उन्हें एसोसिएशन द्वारा भूमिपूजन (पांच अगस्त 2020) से पहले दान किए गए 39.26 किलोग्राम चांदी के सामान का भी कोई पता नहीं है। उन्होंने कहा, ''मेरे परिवार की ओर से मैंने तीन किलोग्राम वजनी चांदी का दीपक 'गुप्त दान' के रूप में राम मंदिर को अर्पित किया था।

इसके अलावा, आईबीजेए उत्तर भारत प्रमुख के रूप में हमने 30 चांदी की वस्तुएं (34.64 किलोग्राम) और चार चांदी की ईंटें (4.62 किलोग्राम) भी दान की थीं।'' रस्तोगी ने बताया कि यह दान मार्च 2020 में उस समय किया गया था जब अयोध्या में रामलला की मूर्ति को अस्थायी संरचना में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि यह दान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा की सहमति से किया गया था।

उन्होंने कहा कि बाद में उन्होंने और आईबीजेए से जुड़े अन्य सदस्यों ने भी चांदी के दान दिए, जिन्हें मंदिर निर्माण कार्य में उपयोग के लिए सौंपा गया था। रस्तोगी के अनुसार, दान की गई चांदी को विधिवत पूजा के बाद ट्रस्ट कार्यालय में सौंपा गया था और इसकी रसीद भी दी गई थी, हालांकि तीन किलोग्राम वजनी चांदी के दीपक की कोई रसीद उन्हें नहीं मिली। उन्होंने कहा कि उन्हें आशंका है कि भूमिपूजन के दौरान यह सामग्री स्थापित नहीं की गई, संभवतः प्रोटोकॉल कारणों से ऐसा हुआ होगा। रस्तोगी ने कहा कि उन्हें यह नहीं पता कि दान की गई चांदी कहां है-यह उपयोग में लाई गई, पिघलाई गई या सुरक्षित रखी गई है। उन्होंने कहा कि वे आवश्यकता पड़ने पर एसआईटी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत दान को लेकर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे सामूहिक दान के रिकॉर्ड को लेकर चिंतित हैं। यह मामला उस समय सामने आया है जब उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर अयोध्या में प्राप्त दानों के कथित दुरुपयोग की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है। इससे पहले सात जून को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया था कि मंदिर में दान की गई करोड़ों रुपये की राशि गायब है और इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की थी। इस मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

मुंबई में बेस्ट बस हड़ताल के कारण दूसरे दिन भी परेशान रहे यात्री, नीट अभ्यर्थियों की मदद हेतु लगाई जाएंगी बसें

मुंबई, (भाषा)।

महाराष्ट्र के मुंबई में बस सेवा मुहैया कराने वाली बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं यातायात (बेस्ट) के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शनिवार को दूसरे दिन भी यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बेस्ट ने मुंबई भर में अतिरिक्त 60 बसों की व्यवस्था की है।

बेस्ट ने एक बयान जारी कर बताया कि ये बसें सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक और शाम पांच बजे से सात बजे तक चलेंगी। शनिवार को सड़कों पर बेस्ट की बसों के नहीं होने से विद्यार्थियों और कार्यालय जाने वालों समेत आम मुंबईकरों को शेयर टैक्सी या ऑटो रिक्शा का सहारा लेना पड़ा जबकि कुछ लोगों ने बाइक टैक्सी पर निर्भरता दिखाई। बेस्ट ने बताया कि उसने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से भी कहा है कि वह सेवा में रुकावट के दौरान 100 बसें उपलब्ध कराए। बेस्ट ने कहा कि हड़ताल में शामिल कर्मचारियों और वेट-लीज कॉन्ट्रैक्टर को महाराष्ट्र आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (मेस्मा) के तहत नोटिस भेजे गए हैं।

मेस्मा के तहत, हड़ताल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बेस्ट द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 246 निर्धारित बेस्ट-स्वामित्व वाली बसों में से कोई भी डिपो से बाहर नहीं निकली, जबकि 2,521 बसों के निर्धारित संचालन के मुकाबले केवल चार 'वेट-लीज' बसें (निजी ऑपरेटर से पट्टे पर ली गई) ही सड़कों पर चल रही थीं। बेस्ट की बसों के न चलने के कारण, मुंबई के आम लोगों को यातायात के सस्ते साधनों के तौर पर साझा टैक्सी या ऑटो-रिक्शे का सहारा लेना पड़ा, जबकि कुछ लोगों ने बाइक टैक्सी का इस्तेमाल किया।

परेल के एमडी कॉलेज के एक छात्र ने बताया कि वह आम तौर पर रोज डोंगरी से बस से आता-जाता है लेकिन हड़ताल की वजह से उसे बाइक टैक्सी का इस्तेमाल करना पड़ा, जो उसके रोज के सफर के खर्च से काफी ज्यादा महंगी थी। छात्राओं के एक समूह ने बताया कि उन्हें परेल रेलवे स्टेशन से पैदल आना पड़ा क्योंकि सुबह की भीड़-भाड़ के समय कैब मिलना मुश्किल था। कार्यालय जाने वाले कुछ लोगों ने कहा कि शुक्रवार के मुकाबले अफरा-तफरी की स्थिति कम थी, क्योंकि यात्रियों को हड़ताल के बारे में पहले से पता था और वे बस स्टॉप पर इंतजार करने से बच रहे थे। इसके अलावा, शनिवार को लोकल ट्रेनों और मेट्रो सेवाओं में भीड़ कम थी। कई ऑफिस जाने वालों ने घर से काम करने का विकल्प चुना।

ठाणे जिले के कलवा के रहने वाले धर्मेश तिवारी ने कहा, ÷दादर स्टेशन के बाहर कैब के लिए लंबी लाइन लगी थी, लेकिन 'शेयर टैक्सी सर्विस' की वजह से केईएम अस्पताल से दादर लौटना कोई मुश्किल काम नहीं था।÷ बेस्ट के अपने कर्मचारियों में, निर्धारित 1,937 चालकों के मुकाबले केवल 26 बस चालक ही ड्यूटी पर आए जबकि 2,646 निर्धारित कर्मचारियों के मुकाबले केवल नौ कंडक्टर उपस्थित हुए। बस निरीक्षकों की उपस्थिति अपेक्षाकृत बेहतर रही, जहां 221 निर्धारित कर्मियों में से 119 कर्मी ड्यूटी पर उपस्थित हुए। बेस्ट के आकंड़ों के अनुसार, पट्टे पर ली गईं बसों का संचालन भी इसी तरह प्रभावित रहा, जहां 3,063 निर्धारित चालकों के मुकाबले केवल आठ चालक ही ड्यूटी पर आए, जबकि 1,137 निर्धारित कंडक्टरों में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ।

बेस्ट ने कहा है कि हड़ताल का असर बिजली आपूर्ति के कामकाज पर नहीं पड़ा है और बिजली सेवाएं सामान्य रूप से संचालित की जा रही हैं। उसने कहा कि प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता यात्रियों को बिना रुकावट, सुरक्षित और भरोसेमंद सेवाएं देना है और हड़ताल के असर को कम करने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री की अपील और आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू किए जाने के बावजूद, बेस्ट के कर्मचारी हड़ताल पर अड़े रहे। बेस्ट संयुक्त कामगार कृति समिति के संयोजक उदय अंबोनकर ने शुक्रवार देर रात 'पीटीआई-भाषा' को बताया ''किसी ठोस फैसले के अभाव में, हमने अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है।'' इस हड़ताल का देश की आर्थिक राजधानी में लाखों लोगों के रोजाना के सफर पर बुरा असर पड़ा है। बस सेवाएं लगभग पूरी तरह बंद होने के कारण कार्यालय जाने वालों, छात्रों, बुजुर्गों और मरीज़ों को अपने गंतव्यों तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारी संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली संयुक्त समिति, 'संयुक्त कामगार कृति समिति' ने अपनी लंबित मांगों को मनवाने के लिए हड़ताल का आह्वान किया है। उपनगरीय रेलवे नेटवर्क के बाद बेस्ट मुंबई का दूसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक परिवहन है। बेस्ट मौजूदा समय में लगभग 2,700 बस का संचालन करती है, जिनमें से ज्यादातर निजी ऑपरेटर से पट्टे पर ली गई हैं। यह दक्षिण और मध्य मुंबई में 10 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति भी करता है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में - बेस्ट के बजट का बीएमसी (बृहन्मुंबई महानगर पालिका) के बजट के साथ विलय करना, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाये का एकमुश्त भुगतान, 2016-2026 की अवधि के लिए सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, परिवहन और बिजली विभागों में अनुबंध व्यवस्था को समाप्त करना, और पट्टे पर ली गई बस के कर्मचारियों को बेस्ट में शामिल करना शामिल हैं।

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर एक्शन कमेटी के नेताओं, शहरी विकास विभाग के अधिकारियों और बेस्ट प्रशासन के साथ एक संयुक्त बैठक की, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। कर्मचारियों के एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक उत्कर्ष सभा और बेस्ट कामगार यूनियन ने इस आंदोलन से खुद को अलग कर लिया है।

जग प्रेरणा

खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..

मूनी और गार्डनर के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 98 रन से हराया, बांग्लादेश भी जीता

साउथम्पटन, (भाषा)।

ऑस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी (74 रन) और एशले गार्डनर (58 रन) के अर्धशतकों की मदद से शनिवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैच में नीदरलैंड को 98 रन से शिकस्त देकर तीसरी जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया तीन मैच में तीन जीत से छह अंक लेकर ग्रुप एक में शीर्ष पर है। भारत दो मैच में दो जीत से दूसरे स्थान पर है।

वहीं ग्रुप के एक अन्य मैच में बांग्लादेश महिला टीम ने पाकिस्तान को 23 रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान दो मैच में खाता नहीं खोल सका है।

ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' मूनी और गार्डनर के अर्धशतक तथा दोनों के बीच बीच तीसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 101 रन की भागीदारी से छह विकेट पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन ही बना सकीं जिसमें कप्तान बैबेट डि लीडे ने नाबाद 56 रन (57 गेंद, पांच चौके) बनाए जबकि स्टेरे कैलिस ने 44 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई जिसमें किम गार्थ ने दो और अनाबेल सदरलैंड ने एक विकेट लिया।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मूनी ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 42 गेंद में नौ चौके और एक छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने गार्डनर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 101 रन की भागीदारी भी निभाई।

गार्डनर ने 32 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके और एक छक्का जमाया। इन दोनों के अलावा जॉर्जिया वारेहम ने 41 रन का योगदान दिया।

नीदरलैंड के लिए इरिस ज्विलिंग ने तीन और कैरोलिन डि लांगे ने दो विकेट हासिल किए।

दिन के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 123 रन बनाए जिसमें शोर्णा अख्तर ने नाबाद 39 रन और कप्तान निगार सुल्ताना ने 36 रन का योगदान दिया।

पाकिस्तान की फातिमा सना को दो विकेट मिले। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 100 रन ही बना सकी। मुनीबा अली ने 25 रन और गुल फिरोजा ने 23 रन बनाए।

बांग्लादेश की गेंदबाजों में संजीदा अख्तर मेघला और नाहिदा अख्तर ने तीन तीन विकेट झटके जबकि राबिया खान और रितु मोनी को एक एक विकेट मिला।

जायसवाल शानदार हैं, उम्मीद है कि वह मौके भुनाते रहेंगे: गिल..

चेन्नई, (भाषा)।

कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को उम्मीद जताई कि 'शानदार' यशस्वी जायसवाल भारत की एकदिवसीय टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेंगे। जायसवाल ने नाबाद 110 रन बनाए जिससे भारत को यहां अफगानिस्तान के खिलाफतीसरे और

आखिरी एकदिवसीय में नौ विकेट से शानदार जीत मिली। 50 ओवर के प्रारूप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का यह दूसरा शतक था। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने कहा, ''हम सभी जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं और किसी भी खिलाड़ी के लिए (बाहर बैठना) आसान नहीं होता। अगर सभी खिलाड़ी उपलब्ध हों तो वह बदकिस्मत खिलाड़ी हैं जिन्हें कभी-कभी बाहर बैठना पड़ता है। उन्हें इस श्रृंखला में कुछ मैच मिले और आज उन्होंने बहुत अच्छा खेला।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे और उन्हें जो भी मौके मिलेंगे उन्हें भुनाते रहेंगे।'' गिल ने श्रृंखला के आखिरी दो मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की जिससे कि जायसवाल को रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जा सके। रोहित ने भी अपने युवा साथी के साथ 170 रन की साझेदारी करते हुए 79 रन की अहम पारी खेली। लेकिन जब विराट कोहली टीम में लौटेंगे तो गिल को पारी का आगाज करने के लिए लौटना होगा और तीसरे नंबर की जगह इस अनुभवी बल्लेबाज को देनी होगी।

रोहित ने भी यहां रन बनाए हैं इसलिए हो सकता है कि जायसवाल को एक बार फिर बाहर बैठना पड़े। गिल ने कहा कि जब भी ऐसी स्थिति आएगी वह उसे संभाल लेंगे।

उन्होंने कहा, ''सभी खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करना अच्छी बात है और मुझे लगता है कि (इंग्लैंड श्रृंखला के लिए) टीम का ऐलान कल या अगले कुछ दिन में हो जाएगा। तो हम टीम देखेंगे और इंग्लैंड में अपनी सबसे अच्छी 11 खिलाड़ियों की टीम उतारेंगे।''

युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने अफगानिस्तान के खिलाफतीन मैच में सात विकेट लेकर इंग्लैंड जाने वाली टीम में शामिल होने के लिए मजबूत दावेदारी पेश की। गिल ने कहा, ''मुझे लगता है कि उन्होंने अधिकतर जरूरी चीजें पूरी कीं। लेकिन कुछ चीजें ऐसी हैं जो वे अनुभव के साथ सीखेंगे और उम्मीद है कि एक गेंदबाज के तौर पर वे और बेहतर होते जाएंगे। अगर मैं थोड़ी आलोचना करूं तो उन्होंने थोड़े अधिक रन दिए। वे कभी-कभी थोड़े अस्थिर भी रहे।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन वे शीर्ष स्तर पर अपनी पहली श्रृंखला खेल रहे हैं और तेज गेंदबाजी कर रहे हैं। उनमें वे सभी अच्छे गुण हैं जो हम एक युवा, लंबे, तेज गेंदबाज से चाहते हैं और अनुभव के साथ वे और बेहतर ही होंगे।''

गिल को बाएं हाथ के युवा स्पिनर हर्ष दुबे में भी काफी क्षमता दिखती है। भारतीय कप्तान ने कहा, ''अगर हम ऑलराउंडर और विशेषकर बाएं हाथ के ऑलराउंडर के पूल को देखें तो मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विकल्प है।

हमारे पास अक्षर (पटेल) और दुबे हैं तो हमारे पास एक अच्छा पूल है और वे बहुत युवा हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब हम उनके जैसे ऑलराउंडर को देखते हैं तो यह जरूरी है कि हमें ऐसे खिलाड़ियों पर भरोसा हो।''

अफगानिस्तान के कोच रिचर्ड पाइबस बल्लेबाजों के प्रदर्शन से निराश थे क्योंकि कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के पहले एकदिवसीय शतक के बावजूद टीम 218 रन पर ऑलआउट हो गई।

पाइबस ने कहा, ''यह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं था और इस विकेट पर हमें कम से कम 300 रन की जरूरत थी।''

उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि जब हम इस साल के आखिर में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए यहां वापस आएंगे, तो हम उन कमियों को सुधार पाएंगे जो इस बार रह गई थीं।''

जायसवाल ने कहा, अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने पर ध्यान था

चेन्नई, (भाषा)।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शनिवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफतीसरे मैच में शानदार नाबाद शतक जड़कर भारत को नौ विकेट से जीत दिलाने के बाद कहा कि एकदिवसीय प्रारूप में कम मौके मिलने के बावजूद उनका ध्यान अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने पर था।



चोटिल विराट कोहली की जगह तीन मैच की एकदिवसीय के लिए 24 साल के जायसवाल को टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 86 गेंद पर नाबाद 110 रन बनाए। भारत ने 219 रन का लक्ष्य सिर्फ28.4 ओवर में हासिल कर लिया।

मैच के बाद जायसवाल ने कहा, ''मैंने इसका पूरा लुत्फउठाया। शुरुआत में मुझे पावरप्ले में कुछ रन मिले इसलिए मैं बस आगे बढ़ते रहना चाहता था और अंत तक खेलना चाहता था।''

उन्होंने कहा, ''मैं बस अपनी प्रक्रिया पर ध्यान देता हूं जो मेरे नियंत्रण में है और जितना हो सके कड़ी मेहनत करने की कोशिश करता हूं। सहयोगी स्टाफका हमेशा सहयोग मिलता है और वे मेरे लिए बहुत अच्छे रहे हैं। बातचीत बहुत अच्छी होती है इसलिए मुझे पता होता है कि क्या हो रहा है।''

जायसवाल ने कहा, ''मैं भाग्यशाली रहा हूं इसलिए अगर मुझे अच्छी शुरुआत मिलती है तो मैं उसे बड़ी पारी में बदलने की कोशिश करता हूं। मैंने खेलों में और विशेषकर क्रिकेट में देखा है कि जब आपका दिन हो तो उसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। इसलिए मैं ऐसा करने की कोशिश करता हूं।'' इस युवा बल्लेबाज ने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की भूमिका को भी सराहा। जायसवाल ने कहा, ''बेशक, रोहित भैया हमेशा मदद करते हैं। मैं उनसे हमेशा सवाल पूछता रहता हूं और उन्हें खेल में आजमाने की कोशिश करता हूं।''

उन्होंने कहा, ''आज भी जब मैं खाली गेंद खेल रहा था तो मैंने पूछा कि मुझे क्या करना चाहिए। उन्होंने मुझे बताया कि बस स्ट्राइक रोटेट करने की कोशिश करो और इरादा सही रखो इसलिए मैंने अपना इरादा सही रखा और स्ट्राइक रोटेट करता रहा। इससे मुझे सच में मदद मिली।''

भारत के कप्तान शुभमन गिल ने तेज गेंदबाजों गुरनूर बरार और प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ की जिन्होंने शानदार शुरुआती स्पेल से मैच का रुख मेजबान टीम की ओर मोड़ा।

गिल ने कहा, ''गुरनूर और प्रसिद्ध का पहला स्पैल देखना शानदार था। इस मौसम में ऐसी गति कम ही देखने को मिलती है लेकिन वे कमाल के थे।'' श्रृंखला में 239 रन बनाने के लिए श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए गिल ने कहा, ''मैं उन्हें एक अतिरिक्त ओवर देना चाहता था लेकिन वे काफी थक गए थे।''

गिल ने कहा कि भारत ने श्रृंखला के दौरान कई लक्ष्य हासिल किए, विशेषकर बीच के ओवरों में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अपने रवैये को बेहतर बनाने में। उन्होंने कहा, ''इस श्रृंखला में कई चीजें सही रहीं। हमने बीच के ओवरों में जज्बा बनाए रखने और गेंदबाजी से मौके बनाने के बारे में बात की। बल्लेबाजों के तौर पर हमने इस बारे में भी चर्चा की कि हम अतिरिक्त रन के लिए कैसे कोशिश कर सकते हैं।''

आगामी इंग्लैंड दौरे को देखते हुए गिल ने कहा, ''इंग्लैंड में हालात कुछ हद तक वैसे ही होंगे जैसे हमें दक्षिण अफ्रीका में मिलेंगे। हमें उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी फिट और उपलब्ध रहेंगे। यह एक अच्छा मुकाबला होगा।''

करियर में पहली बार पांच विकेट चटकाने के लिए मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी सफलता का श्रेय अच्छी योजना और गेंदबाजी समूह के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को दिया। प्रसिद्ध ने कहा, ''मुझे लगता है कि एक टीम के तौर पर सही लेंथ पर गेंदबाजी करने की कोशिश करना जरूरी है, चाहे हम कुछ भी चर्चा करें या कोई भी रणनीति अपनाएं।''

उन्होंने कहा, ''जब आपके साथ अच्छे गेंदबाज हों तो यह बहुत मददगार होता है। नेट में अच्छी प्रतिस्पर्धा होने पर आप एक-दूसरे से सीखते हैं। आप एक-दूसरे को बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं।''

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को शुरुआत में जल्दी विकेट गंवाने का मलाल है। शाहिदी ने कहा,''मुझे लगता है कि आज शुरुआती दस ओवरों में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन हमने जल्दी विकेट गंवा दिए जिससे हम दबाव में आ गए। अजमत और मेरी अच्छी साझेदारी हुई थी लेकिन फिर हमने लगातार विकेट गंवा दिए और इसी वजह से हम पीछे रह गए।''

शाहिदी ने 131 गेंद में 102 रन बनाकर पारी को संभाले रखा। यह उनका पहला एकदिवसीय शतक था। उन्होंने कहा, ''लंबे समय बाद मैंने अपना पहला शतक लगाया। मुझे अच्छा लग रहा है और मैं अपने देश के लिए बार-बार ऐसा करने की पूरी कोशिश करूंगा। बहुत गर्मी थी और मुझे मांसपेशियों में खिंचाव हो रहा था। लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। ''

शाहिदी ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे पास प्रतिभावान खिलाड़ी हैं लेकिन भारत में भारत के खिलाफखेलना मुश्किल है। हम अच्छा नहीं खेले। लेकिन हम इससे सीखेंगे।'' अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम एक अच्छी टीम हैं लेकिन हम एकदिवसीय क्रिकेट से दूर रहे हैं। हमने पिछली बार आठ महीने पहले बांग्लादेश के खिलाफखेला था। अगला मैच हम आयरलैंड के खिलाफ खेलेंगे। हम अपनी कमियों पर काम करेंगे।''

यह टीम हर हालात में अच्छा प्रदर्शन करने की भूखी है: महिला टीम के गेंदबाजी कोच साल्वी..

मैनचेस्टर, (भाषा)।

भारतीय महिला टीम के गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम अब पूरी तरह बदल चुकी है और वह हर देश और हर टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भूखी है।

भारत ने मौजूदा आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने दोनों मैच जीते हैं जिसमें उसने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और नीदरलैंड को क्रमशः 64 और 95 रन से हराया। भारत की असली परीक्षा रविवार से शुरू होगी जब टीम दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी और 28 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। इसके बीच भारत 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफखेलेगा।

साल्वी ने कहा कि हरमनप्रीत की कप्तानी वाली टीम अब अधिक आत्मविश्वास से भरी है, विशेषकर पिछले साल घरेलू मैदान पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने के बाद।

साल्वी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफमैच से पहले कहा, ''पिछले ढाई साल से इस प्रणाली का हिस्सा रहने के दौरान मैंने देखा है कि यह टीम जहां भी जाती है और जो भी टूर्नामेंट खेलती है वहां अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत भूखी रहती है।''

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, ''वे ना केवल अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बल्कि कड़ी मेहनत करने और अपने खेल को अलग स्तर पर ले जाने के लिए भी बहुत भूखे हैं। अतीत में जो कुछ भी हुआ है, हम उस पर अधिक ध्यान नहीं देते।'' उन्होंने कहा, ''सभी लड़कियां हर दिन कुछ नया सीखना चाहती हैं और अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाना चाहती हैं।'' साल्वी टूर्नामेंट में भारत की शुरुआत से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि शुरुआत के लिए यह एक अच्छी लय है। जिस तरह से तैयारियां हुईं और हमने दो जीत हासिल कीं, उसके साथ ही मैच का अनुभव मिलना भी बहुत जरूरी था।''

साल्वी ने कहा, ''पाकिस्तान के खिलाफमैच अहम था। नीदरलैंड के खिलाफमैच भी उतना ही अहम था क्योंकि जब आप विश्व चरण का टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं तो अंक और नेट रन रेट के लिहाज से लीग चरण के सभी मैच बराबर अहम हो जाते हैं। उन जीतों को हासिल करना अच्छा रहा।''

भारत को स्पिनर श्रेयंका पाटिल की कमी खलेगी जो टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं लेकिन साल्वी का मानना है कि भारत के गेंदबाजी क्रम में श्रेयंका की कमी को पूरा करने के लिए काफी दमखम है।

उन्होंने टीम में श्रेयंका की जगह लेने वाली लेग स्पिनर प्रेमा रावत पर भी भरोसा जताया। साल्वी ने कहा, ''श्रेयंका का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। हां, हमें श्रेयंका की कमी खलेगी लेकिन प्रेमा भी उतनी ही शानदार प्रतिभा हैं। उन्होंने अतीत में मिले मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें पता है कि कैसे खेलना है।'' साल्वी ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की जमकर तारीफ की और उन्हें एक आदर्शन बताया।

उन्होंने कहा, ''हरमन एक शीर्ष स्तर की खिलाड़ी है। वह दुनिया भर की महिला क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है, वह काबिलेतारीफ है। कल वह अपना 200वां मैच खेलेंगी जो एक बड़ी बात है और हम सभी उन्हें खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।''

साल्वी ने कल के मैच के लिए एकादश को लेकर खुलासा करने से इनकार कर दिया और कहा कि वे कई चीजों को ध्यान में रखकर फैसला लेंगे। गेंदबाजी कोच ने बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव का भी समर्थन किया और कहा कि जब भी उन्हें मौका मिलेगा वह अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

नेहरा ने 800 मीटर में आठ मिनट से कम का समय लिया, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया..

अहमदाबाद, (भाषा)।

आर्यन नेहरा पुरुषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में आठ मिनट से कम समय लेने वाले पहले भारतीय तैराक बन गए। उन्होंने शनिवार को यहां नेशनल एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में अपना ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय बेहतर करते हुए स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों दोनों के लिए क्वालीफाई किया। गुजरात के इस तैराक ने फाइनल में सात मिनट 59.36 सेकेंड का समय लिया जो 2019 में बनाए गए उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय आठ मिनट 00.76 से दो सेकेंड से भी कम था।

इस प्रदर्शन से ना केवल उन्हें स्वर्ण पदक मिला, बल्कि वह इस स्पर्धा में आठ मिनट से कम समय लेने वाले पहले भारतीय भी बन गए। साथ ही उन्होंने अगले महीने ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली।

नेहरा ने पुरुषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भी सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय दर्ज किया था जहां उन्होंने इसी हफ्ते राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफिक्रेशन स्तर को भी हासिल किया था।

नेहरा के अलावा ओलंपियन साजन प्रकाश (200 मीटर बटरफ्लाई) ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया है जबकि श्रीहरि नटराज ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में दोनों बहु खेल प्रतियोगिताओं के लिए जगह बनाई।

प्रतियोगिता में रिकॉर्ड टूटने का सिलसिला जारी रहा क्योंकि रुजुला एस और बी बेनेडिक्टन रोहित ने भी अपनी स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाले।

रुजुला ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में पिछले साल का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करते हुए 26.23 सेकेंड का समय लिया।

रोहित ने एक ही दिन में दो बार पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। हीट में 24.11 सेकेंड के अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद उन्होंने फाइनल में इसे और बेहतर किया और 23.63 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433

साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

योग: व्याधियों को घटाने तथा उत्तम स्वास्थ्य से जुड़ने का विज्ञान

गुणवत्तापूर्ण मानव जीवन और दीर्घायु पूरी तरह से उत्तम स्वास्थ्य पर टिका है। लेकिन आज की बदलती जीवनशैली, मिलावटी खान-पान, मानसिक तनाव, शारीरिक निष्क्रियता, बढ़ता स्क्रीन टाइम और प्रदूषण इंसानी शरीर को बीमारियों का घर बना रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में योग केवल एक शारीरिक व्यायाम के रूप में नहीं, बल्कि निरोगी काया और मानसिक शांति प्राप्त करने की एक समग्र व निःशुल्क वैज्ञानिक पद्धति के रूप में हम सबके सामने है।

संस्कृत की 'युज' धातु से उत्पन्न 'योग' शब्द का सीधा अर्थ है-जोड़ना, समन्वय स्थापित करना या एकाकार होना। योग का अंतिम लक्ष्य केवल तात्कालिक तौर पर बीमारियों को दूर करना नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच ऐसा सुदृढ़ संतुलन स्थापित करना है, जिससे व्यक्ति दीर्घायु और पूर्ण स्वास्थ्य की ओर अग्रसर हो सके।

आमतौर पर स्वास्थ्य का आकलन केवल रोगों की अनुपस्थिति से किया जाता है, जिसे संकुचित दृष्टिकोण कहा जा सकता है। जबकि वास्तविक स्वास्थ्य का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने का अर्थ है,शरीर में असीम ऊर्जा, मन में गहरी शांति, विचारों में स्पष्टता और जीवन में आनंद की अनुभूति। योग इसी मूल सिद्धांत पर काम करता है। यह एक तरफजहां शरीर से विकारों को घटाता है, तो दूसरी ओर जीवनी शक्ति को बढ़ाता है।

आजकल मानव जीवन की आम समस्याएँ है तनाव, मोटापा, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, शारीरिक जकड़न और कमजोर पाचन तंत्र। इन्हें सीधे तौर पर हमारी अव्यवस्थित दिनचर्या से जोड़ा जा सकता हैं। योग इन समस्याओं के लक्षणों को दबाने के बजाय उनके मूल कारणों पर प्रहार करता है, यही इसकी प्रमुख विशेषता है। वैज्ञानिक शोध भी पुष्टि करते हैं कि नियमित योगाभ्यास से:शरीर का लचीलापन और कार्यक्षमता बढ़ती है; श्वसन तंत्र मजबूत होता है और ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है; तनाव का स्तर घटता है तथा भावनात्मक नियंत्रण विकसित होता है।

योग विशिष्ट इस लिए है कि वह स्वास्थ्य को एक सतत निर्माण प्रक्रिया मानता है। जिस तरह भोजन से शरीर को पोषण मिलता है, ठीक उसी तरह योग से तन और मन को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस प्रक्रिया को योग के निम्न चार मुख्य चरणों से समझा जा सकता है:

(1)योगासन (शारीरिक सुदृढ़ता): यह शरीर को सक्रिय, लचीला और फुर्तीला बनाकर मांसपेशियों व जोड़ों को मजबूती प्रदान करता है।

(2)प्राणायाम (प्राण वायु का नियमन):श्वांस और मन को नियंत्रित कर आंतरिक ऊर्जा का संचार करता है।

(3)ध्यान (मानसिक सजगता): यह व्यक्ति को वर्तमान क्षण में जीना सिखाता है, जिससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है और अवसाद व चिंता से मुक्ति मिलती है।

(4)अनुशासित जीवनचर्या: योग केवल आसन , ध्यान तक सीमित नहीं है; इसके अंतर्गत सात्विक भोजन, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त विश्राम और संयमित आचरण भी अनिवार्य हिस्सा हैं।

अक्सर लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आने के बाद योग का रुख करते हैं, जो सीमित समझ को दर्शाता है। योग की वास्तविक शक्ति 'बचाव और संवर्धन' में है। यह व्यक्ति को अपने शरीर के संकेतों को समझने योग्य बनाता है और स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यद्यपि योग गंभीर आपातकालीन चिकित्सा का विकल्प नहीं है, लेकिन उचित चिकित्सकीय परामर्श के साथ इसका अभ्यास असाध्य रोगों में भी संजीवनी का कार्य कर सकता है।

संक्षेप में कहें तो, योग शरीर से व्याधियों को घटाने और जीवन में उत्तम स्वास्थ्य जोड़ने की एक निरंतर चलने वाली साधना है। यह हमें सिखाता है कि स्वास्थ्य केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि तन, मन और व्यवहार का समन्वित विकास है।

यदि योग को रोजमर्रा की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना लिया जाए, तो यह बीमारियों के विरुद्ध एक मजबूत सुरक्षा कवच और दीर्घायु जीवन के लिए सबसे बेहतरीन स्थायी निवेश सिद्ध हो सकता है।

लेखक

प्रो.मनमोहन प्रकाश

एक मनु जो ठान चुकी थी..

एक मनु जो ठान चुकी थी,
राष्ट्र-हित पहचान चुकी थी,
छोड़ के सारे क्रंदन, बंधन,
केवल लड़ना मान चुकी थी।
वह भी थी कन्या सामान्य पर, साहस में मर्दानी थी,
'ना दूंगी मैं अपनी झाँसी' उसकी अमर जुबानी थी।

दत्तक सुत का विरोध किया
जब धूर्त प्रपंची गोरों ने,
गढ़ को घेर लिया था उसके,
भीषण तमंची शोरों ने।
हथियाने को झाँसी किला,
घात लगाए दानव था,
हुंकार भरी थी तब लक्ष्मी ने,
और मचाया तांडव था।
वह नारी तब काली बनकर,
टूट पड़ी मतवाली तनकर।
कमर कसी, घोड़े पर बैठी,
युद्ध लड़ी थी एक भयंकर।
इतिहास में स्वर्णांकित यह,
इकलौती मस्तानी थी,
'ना दूंगी मैं अपनी झाँसी' –
उसकी अमर जुबानी थी।।

लेखक

संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

घुटकी..

दुश्मन की घुटकी पकर,
छिरिया सौ मिमयाय।
आँख उठाय न देश पर,
मूँड पकर डिढयाय।।
सीख बडन सें लीजिए,
कभी न करियौ पाप।
घुटकी छोडै बाप की,
सेवा करियौ आप।
घुटकी सें गुटकत रहत,
जो मन भाबै सोय।
जीवन जीबौ चाहिए,
मुख्य अंग जौ होय।।
भगतसिंह से वीर नें,
रखी देश की आन।
घुटकी में फाँसी लगी,
तज दय अपनें प्रान।।
जीसें करजा लै रखौ,
घुटकी में नों देत।
तेरा कर कें तीन के,
मन कौ धन कर लेत।।

रामानन्द पाठक नन्द

महफूज होने का एहसास दिलाती है पिता की उपस्थिति

पिता वह अनमोल पूंजी, जो दुनिया में सबसे खुशकिस्मत होने का एहसास दिलाती है ,वह कवच जो संतान के जीवन में उतार-चढ़ाव के वक्त प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से सुरक्षा प्रदान करता है ,परिवार की वह नीव जो अपने सपने, ख्वाहिशों को दरकिनार कर परिवार और संतान की हर जरूरत को पूरी करने के लिए सदैव सजग रहती है ,वह रोशनी जो अनुभव और ज्ञान से बच्चों के जीवन में पथ प्रदर्शक बनी रहती है ,वह सूरज जो तपिश देने के साथ सकारात्मक ऊर्जा देता है ,वह पेड़ जो शाखा रूपी सभी सदस्यों को जोड़े रखता है ,वैसे पिता से मिलने वाले प्यार को शब्दों में नहीं बया किया जा सकता।

आज भी मुझे उम्र की इस पडाव में जब कभी निर्णय लेने में संशय हो, परिपक्व सलाह की आवश्यकता हो तो सबसे पहले पापा का चेहरा याद आता है उनके द्वारा दी गई सलाह, समझाइशे अंधेरे में रोशनी की तरह काम करती है ।पापा का उंगली पड़कर चलना सिखाना, डगमगा जाने पर हाथ थामना और स्नेह से ये कहना बेटा मैं तुम्हारे साथ हूं आज भी मेरे जहन में तरोताजा है।

व्यक्ति के सिर पर पिता का साया हो तो वह बड़ी से बड़ी चुनौती भी स्वीकारने से नहीं सकुचाता क्योंकि उसे पता होता है कि अगर मैं डगमगाया तो पिता का हाथ मुझे थाम लेगा ,बचपन में संस्कारों की गहरी जडे और बड़े होने पर खुले आसमान में अपने सपनों ,ख्वाहिशों को पूरा करने का हौसला देता है पिता उनकी उपस्थिति मात्र ही उम्र हर पडाव में बच्चा होने का सुकून और महफूज होने का एहसास दिलाता है ।

समय गतिशील है हमें उंगली पड़कर चलना सिखाने वाला पिता जब उम्र दराज होता है तब व्यस्ततम जीवन से कुछ पल उनके साथ बिताना ,उनके भावों को समझना और उन्हें एकाकी महसूस न होने देना हमारी तरफसे शायद बेहतरीन तोहफा हो सकता है उनके लिए।

लेखिका

चैताली गौर
बैतूल (म.प्र.)

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

अपनी अपनी ढपली सबकी अपना अपना राग है

महत्वाकांक्षा के
साबुन से,निकला बहुत झाग है।
अपनी अपनी ढपली सबकी अपना अपना राग है।।
कोई दान की गैया के देखो,दांत गिनने लग गया है।
कोई अपनों पे विश्वास करके,अच्छा खासा ठग गया है।।
रातों रात करोड़पति बनने के सुनहरे सपने।
बन गए प्रतिद्वंदी अब तो, जो कभी थे खास अपने।
बहारों को ही खाने लगा गुलशन,महक अब क्या खाक है?
अपनी अपनी ढपली सबकी अपना अपना राग है।।
किसको चिंता देश की ? ,अधिकांश स्वार्थ की साधना में।
स्वयं की ही श्रेष्ठता और
वरिष्ठता की भावना में।।
मान मर्यादा का किसको रहा है ध्यान।
कनिष्ठ होकर भी अब तो बांटता फिरता है ज्ञान।।
मंच,माइक, माला के लिए भारी भागम भाग है।
अपनी अपनी ढपली सबकी अपना अपना राग है।
कई शुतुरमुर्ग बनकर यहां पर,
अपनी चालें चल रहे हैं।
आस्तिनों में नहीं अब बंगलों में ही सांप पल रहे हैं।।
कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, सत्यता का अवसान अब।
देवालयों से हो रहा है गायब, देखिए दान अब।।
भाई ही भाई का निकला हत्यारा ,मतलबी रिश्तों में लगी आग है।
अपनी अपनी ढपली सबकी अपना अपना राग है।।
दल बदल के पेड़ पर अच्छे अच्छे चढ़ रहे हैं ।
चोर चोर मौसेरे भाई बनकर, न्याय नीति गढ़ रहे हैं।
अमर शहीदों की कहानी कोई कहां
सुन ता यहां है।
नगद सौदा करके नेता, अब तो बनता यहां है।
भ्रष्टाचार, बेरोजगार,
दुराचार का नित्य लगता दाग़ है।।
अपनी अपनी ढपली सबकी अपना अपना राग है।।

प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'
वारासिवनी जिला बालाघाट
म. प्र. 9424979678

शब्दवर्गपहेली क्र.- 199



ck;। l। nk;। &

1) पुष्पवाटिका, बगीचा 2) सहोदर 3) पेड़ोंकी शाखाओं का अग्र भाग 4) मां के पिताजी 5) उर्दू गीतों क एक प्रकार 6) बुरा 7) ऋषी कपूर, श्रीदेवी की एक सफल फिल्म 8) सुनील दत्त, वैजयंतीमालाद्वारा अभिनीत और शंकर जयकिशनद्वारा संगीतबद्ध एक बहुत पुरानी फिल्म 9) सौ (संस्कृत) 10) ठिकाना, पड़ाव 11) भारत का सीमावर्ती पहाड़ 12) फंदा 13) पालन पोषण 16) निपुणता 18) शाप 20) जलन 22) लोभ 25) रात्रि, रात (उर्दू) 27) सोना, सुवर्ण 29) वर्ष 31) शिवसेना प्रमुख का कुलनाम 33) भ्रमर 37) सेंध 40) नियत्रित करना, नियंत्रण में रखना 42) तुच्छ 43) मां (संस्कृत) 45) मृगया 47) एक रत्न 48) अस्वीकार करना 49) धनिक पुत्र 50) व्यवधान डालना 52) क्रय 53) बालू 54) यौवन 55) स्वर्णकार 56) इक्का दुक्का, सबसे अलग 58) सींगवाले चौपायों के पैर की कड़ी टाप 61) मुलायम 63) एशिया की सबसे बड़ी झोपडपट्टी मुंबई के इस उपनगर में स्थित है 65) बच्चों जैसा (व्यवहार आदि) 67) मृत्यू होना 68) पीछे फिरना, मुकरना 72) जिसके टुकड़े टुकड़े हो गये हो 74) व्ही. शांतारामजी अपनी फिल्मों का निर्माण इस बॅनर तले किया करते थे 75) तरंग 76) पुरानी फिल्म 'हिमालय की गोद में' मनोजकुमार की हीरोइन 77) भीषण दुर्घटना 79) अपवित्र 81) अंतःपुर 82) अपकार, हानि 83) कमान, वृत्त की परिधी का अंश 84) उपवास, निराहार 85) जमानत देनेवाला 87) बुलाना 89) धनवान 91) प्रसिद्ध अभिनेता रमेश देव की अभिनेत्री पत्नी 94) पेड़, वृक्ष 96) एक महीन चमकीला वस्त्र 98) वृक्ष का धड़ 99) अमुक 102) रिक्तता 104) कुल, सारा 107) पिता 109) कारण 111) लौटाया हुआ 113) बर्फ 114) घरों में पानी प्राप्त करने का एक साधन 115) व्यक्तिवाचक संबोधन, संज्ञा 116) भक्षण करना 117) पत्तों की कटोरी 118) बाण, तीर 120) इच्छा, पसंदगी

ck;। l। uhp l&

1) धीमी और अस्फुट आवाज में बोलना 5) दुसरे के सौंपे हुए पैसों को हड़प लेना 8) गोद (उर्दू) 10) मुख्वत (उर्दू) 13) बाल कथाओं में वर्णित पंखोवाली काल्पनिक सुंदरी 14) भूमिकर, आमिर खान, ग्रेसी सिंह की एक सफल फिल्म 15) नामांकन 17) लोगों का समूह 19) धनवान, धनी 21) आर्द्र, तर 23) अवस्था, समाचार 24) मंझोले आकार का एक फल 26) आग बुझानेवाला विभाग या यंत्र 28) बुरी लालसा, वासना 30) एक फल जिसे सुखाकर पानी में भिगोकर मलने से इससे फेन निकलता है। 32) सेना 34) बलवान 35) श्रीकृष्ण का कुल या वंश 36) आंख 38) कपड़े धोने का एक डिटर्जंट साबुन उत्पादन 39) आवरण, बख्तर 41) पथिक 44) आसक्त, प्रेमी 46) घड़ा, मंदिर का शिखर 48) राजा 51) नखरा करनेवाला 55) सबेरा 57) वास्तविकता पता चलना इस अर्थ का मुहावरा 59) तरीका 60) स्व. इंदिरा गांधीजीद्वारा उनके किशोरावस्था में युवकों का बनाया गया दल 62) दुरुस्ती, संशोधन 64) एक लचीला पदार्थ 66) आसान 67) नशा, घमंड 68) छेना 69) अनूठा, अलग किस्म का 70) नृत्य करना 71) एक किस्म की काली राल जिसे पिघला कर सड़क बनाने में प्रयुक्त किया जाता है 72) अस्थिर, चलायमान 73) बतख, हंस, बादल 76) धोखेबाज, माया करनेवाला 77) वचन 78) बेइज्जती होना इस अर्थवाला एक मुहावरा 80) विषैला 82) दुराचार 84) धान्य 86) फिल्म 'गुलाम –ए– मुस्तफा' में शीर्षक भूमिका निभानेवाला अभिनेता 88) चारपाई में सिर की ओर का भाग 90) पदारुढ 92) रास्ता, पथ 93) भाग्य 94) एकान्त 95) अंधेरा 97) तमाशा देखनेवाले 98) ओर 100) घोड़े या बैल के टापों पर लगाया जानेवाला लोहे का अर्ध चंद्राकार टुकड़ा 101) समान 103) पत्र 105) देने की क्रिया या भाव 106) त्यागना 108) एक किस्म का नृत्य, हानि (अंग्रेजी) 110) श्रीरामजी के पुत्रों की संख्या 112) किसी को लगनेवाली या चुभनेवाली बात, व्यंग 113) बर्फीले प्रदेशों में पाया जानेवाला कल्पित मनुष्य 115) नासमझ 116) यायावर, घुमक्कड़ जाति के लोग 119) मौन, शांत भाव से 121) एक महीन वस्त्र 122) किसी काम को करने के लिए तत्पर होना या जुट जाना अर्थवाला एक मुहावरा 123) काशी, वाराणसी 124) सहनशीलता

पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

उ	द	य	शं	क	र		ध	ड़	क	न		व	ज	नी		चिं	ता	ज	न	क
स	ला	ह	का	र		च	मा	र		म	क	र		र	थ		ला		व	
का	ली		लु		म	ट	का		न	क	ल	न	वी	स		बे		प	रं	तु
	क	मी		आ	त	प		अ	र	ह	र		र		बा	बा	स	ह	ग	ल
प	र	ना	री		ल	ट	क	ना		रा		आ	ग	रा		क	म	ला		सी
	ना	का	म	या	बी		रा	ज	क	म	ल		ति	त	ली		य		अ	दा
य		री		स		क	ह		ल			क्षि	प्रा		ला	मा		रा		स
दु	आ		थ	र	थ	रा	ना		प	सी	ना		प्त		व	न	ग	म	न	
	का	ना		अ	क	ल			ना	ता			क	वि	ता	व	ली		स	र
सि	र	च	क	रा	ना		का	म			अ	स	र	दा	र		चा	रा		वि
ल		ना		फा		का	न	न		चा	र	मी	ना	र		अ		जी		वा
सि	र		य	त	न			ग		बी	मा	र		क		सु	अ	व	स	र
ला	ज	वं	ती		रे	खा	ग	णि	त		न		बा		दू	र		गां	जा	
	क	श	म	क	श		या	त	ना			हे	रा	म		वि	रो	धी		मि
कु		ज		ल		दा			व	रा	ह			द	र	वा	जा		ने	त्र
श	व		अ	ह	म	दा	बा	द		जा	ल	सा	ज		स	ह	ना	य	क	

anumeva-08446302691

योग, प्राणायाम करें..

चलो सुबह शाम योग, प्राणायाम करें।
खुद के स्वस्थ रहने का खुद इंतजाम करें।

तन मन के भीतर के विष को निकालें
मुश्किल है वक्त बहुत संभलें-संभालें
पूर्णतामय जीवन को क्यों अल्पविराम करें।
चलो, सुबह शाम योग, प्राणायाम करें।

योग में वो शक्ति है रोग भगाए जो दूर।
प्राणायाम प्राणों को देता गति भरपूर।

श्वासों को साधें सूर्य को प्रणाम करें।
चलो सुबह शाम योग प्राणायाम करें।

माना कि दौर कठिन
जीने का ढंग बदलो।
जमाना रंगीन बहुत
तुम अपना रंग बदलो।

जग संवरे, जग को
संवारने का काम करें।
चलो, सुबह शाम योग प्राणायाम करें।

रचनाकार

शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

दुनिया में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बावजूद भारत में ईंधन के दाम में उछाल नहीं: हरदीप पुरी



सोनभद्र (उप्र), (भाषा)।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित '12 साल विरासत के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत पुरी ने सोनभद्र का दौरा किया।

पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में वास्तविक बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती कर जनता पर बोझ नहीं पड़ने दिया।

उन्होंने कहा, ''अगर हम वास्तविक स्थिति का जायजा लें तो देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।''

मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नवंबर 2021, मई 2022 और हाल ही में भी केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी की। इससे सरकार पर पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर का बोझ पड़ा।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम घटने पर भारत में कटौती के सवाल पर मंत्री ने कहा, ÷संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में सिर्फजापान ऐसा है जहां भारत के मुकाबले पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में कम वृद्धि हुई है।÷

उन्होंने बताया कि कुल वृद्धि 7.60 रुपये की हुई, लेकिन 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के समय के दामों से तुलना करें तो वास्तव में कोई वृद्धि नहीं है।

मंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडममरूमध्य में तनातनी के कारण पेट्रोलियम कंपनियों को रोज एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था, लेकिन सरकार ने इसका बोझ जनता पर नहीं डाला।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

पुरी ने कहा कि भारत सरकार की डेल्टा रैंकिंग में सोनभद्र ने पहला स्थान प्राप्त किया है और विकास की वर्तमान गति को देखते हुए यह जनपद पिछड़ेपन की पहचान से निकलकर शीघ्र ही एक मॉडल जनपद के रूप में स्थापित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, आधारभूत संरचना, ऊर्जा, सामाजिक सुरक्षा, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

पुरी ने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा विकसित भारत का संकल्प देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे में कथित गड़बड़ी पर पूछे गए सवाल को टालते हुए पुरी ने 12 साल के शासन में हुए विकास की चर्चा शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि 2014 में जब पीएम मोदी ने सत्ता संभाली थी तब भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी। अब देश 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। सोनभद्र की प्रति व्यक्ति आय 2018 में 43,000 रुपये थी, जो अब बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। मंत्री ने माना कि जल जीवन मिशन में सोनभद्र समेत देशभर में कुछ समस्याएं हैं, लेकिन उन पर काम किया जा रहा है।

सरसों में गिरावट, पाम-पामोलीन और सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार

नयी दिल्ली, (भाषा)।

बाजार में सभी खाद्यतेलों की कमजोर लिवाली रहने के बीच ऊंचे दाम पर कम पूछताछ की वजह से राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही।

वहीं कम आवक के बीच मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल-तिलहन, औद्योगिक मांग के कारण पाम-पामोलीन के दाम मजबूत रहे। आयातित सूरजमुखी तेल से सस्ता होने की वजह स मांग होने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि सरसों का स्टॉक स्टॉकिस्टों और किसानों के पास है। आयातित खाद्यतेलों की वजह से सभी देशी तेल-तिलहनों की बिकवाली कमजोर बनी हुई है। ऊंचा दाम होने की वजह से लिवाली प्रभावित रहने के कारण सरसों तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई।

उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 20-22 दिनों में सोयाबीन के दाम में काफी कमी की गई और अब स्थिति यह हो चली है कि किसान नीचे दाम पर बिकवाली घटा रहे हैं क्योंकि कुछ ही दिन पहले उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी बेहतर दाम मिल चुके हैं।

किसानों की आवक कम रहने के बीच नौबत यहां तक आई कि महाराष्ट्र के लातूर में प्लांट वालों ने सोयाबीन का खरीद दाम 80 रुपये क्विंटल बढ़ाकर लगभग 7,440 रुपये क्विंटल कर दिया। कम आवक और मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि बाजार में बिनौले की उपलब्धता नहीं के बराबर है और कामकाज काफी कमजोर है। मांग होने से बिनौला तेल में सुधार है। मूंगफली का दाम आयातित सूरजमुखी तेल से 10-12 रुपये किलो सस्ता है और इस वजह से मांग होने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। मूंगफली और बिनौला तेल की पूर्ति और इसके औद्योगिक मांग को भी अपेक्षाकृत सस्ते पाम-पामोलीन तेल से पूरा किया जा रहा है। इस वजह से पाम-पामोलीन तेल की मांग बढ़ने से सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम में भी मजबूती दिखी।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,525-7,550 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,625-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,480-2,780 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,425 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,550-2,650 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,550-2,695 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,400 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,600 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,000-7,050 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 6,850-6,925 रुपये प्रति क्विंटल।

भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा: हरदीप पुरी..

सोनभद्र (उप्र), (भाषा)।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के

उपलक्ष्य में आयोजित '12 साल विरासत के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत पुरी ने सोनभद्र का दौरा किया। मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की डेल्टा रैंकिंग में सोनभद्र ने पहला स्थान प्राप्त किया है और विकास की वर्तमान गति को देखते हुए यह जनपद पिछड़ेपन की पहचान से निकलकर शीघ्र ही एक मॉडल जनपद के रूप में स्थापित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, आधारभूत संरचना, ऊर्जा, सामाजिक सुरक्षा, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

पुरी ने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा विकसित भारत का संकल्प देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में वास्तविक बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती कर जनता पर बोझ नहीं पड़ने दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2021, मई 2022 और हाल ही में भी केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी की। इससे सरकार पर पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर का बोझ पड़ा।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम घटने पर भारत में कटौती के सवाल पर मंत्री ने कहा, ÷संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में सिर्फजापान ऐसा है जहां भारत के मुकाबले पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में कम वृद्धि हुई है।÷

उन्होंने बताया कि कुल वृद्धि 7.60 रुपये की हुई, लेकिन 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के समय के दामों से तुलना करें तो वास्तव में कोई वृद्धि नहीं है।

मंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडममरूमध्य में तनातनी के कारण पेट्रोलियम कंपनियों को रोज एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था, लेकिन सरकार ने इसका बोझ जनता पर नहीं डाला।

उन्होंने बताया कि अभी कंपनियों के पास महंगे दामों पर खरीदे कच्चे तेल का भंडार है। कम कीमत वाले कच्चे तेल की आपूर्ति पहुंचने के बाद दाम गिरने की संभावना है। अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे में कथित गड़बड़ी पर पूछे गए सवाल को टालते हुए पुरी ने 12 साल के शासन में हुए विकास की चर्चा शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि 2014 में जब पीएम मोदी ने सत्ता संभाली थी तब भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी। अब देश 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। सोनभद्र की प्रति व्यक्ति आय 2018 में 43,000 रुपये थी, जो अब बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है।

मंत्री ने माना कि जल जीवन मिशन में सोनभद्र समेत देशभर में कुछ समस्याएं हैं, लेकिन उन पर काम किया जा रहा है।

राजस्थान में इलेक्ट्रिक बसों की हुई शुरूआत, मुख्यमंत्री शर्मा ने झंडी दिखाई

जयपुर, (भाषा)।

राजस्थान में शहरी परिवहन सेवा में इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत शनिवार को हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर के लिए 29 और भीलवाड़ा के लिए 18 ई-बसों को यहां से झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि नागरिकों को आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

शर्मा ने प्रधानमंत्री ई बस सेवा के तहत यहां जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज (जेसीटीएसएल) की 29 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भीलवाड़ा में भी 18 इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि इन बसों के संचालन से स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पीएम ई-बस सेवा योजना में राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर तथा अजमेर का चयन हुआ है। केन्द्र सरकार द्वारा इन आठ जिलों के लिए 675 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त भी 475 ई बसें स्वीकृत हुई हैं। इस प्रकार राजस्थान को कुल 1150 ई बसें मिलेंगी। प्रथम चरण में दीपावली तक 675 ई बसों का संचालन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये बसें विशेष रूप से दिव्यांगों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक एवं किफायती यात्रा का माध्यम बनेंगी। साथ ही, इन बसों में सीसीटीवी कैमरे होंगे जिनसे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 555 ई-बसें शहरी परिवहन के लिए और 50 डबल डेकर ई-बस पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराएगी। इसके लिए तीव्र गति से काम किया जा रहा है। यह कदम विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम कड़ी साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पिछले ढाई वर्ष में राजस्थान के पानी, बिजली, उद्योग, परिवहन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास को नई गति प्रदान की है।

उन्होंने यहां अमर जवान ज्योति पर इलेक्ट्रिक बस का विधिवत पूजन कर अवलोकन किया। साथ ही, चालक और परिचालक से बातचीत की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने टिकट लेकर अमर जवान ज्योति से स्टेट हेंगर तक इलेक्ट्रिक बस में सफर किया।

मनोहर लाल ने 2,935 करोड़ रुपये की लागत वाले इंदौर-उज्जैन गलियारे की नींव रखी

इंदौर (मध्यप्रदेश), (भाषा)।

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को लगभग 2,935 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इंदौर-उज्जैन गलियारे की नींव रखी। उन्होंने कहा कि चार लेन वाली इस 48 किलोमीटर लंबी सड़क से राज्य के दोनों प्रमुख शहरों के बीच संपर्क बेहतर होगा और विकास को गति मिलेगी। मनोहर लाल ने इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र में आयोजित भूमिपूजन समारोह में कहा, ''इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर से दोनों शहरों के बीच की दूरी कम होगी और उनका रिश्ता और प्रगाढ़ होगा।''

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश को केंद्र सरकार की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 5,657 करोड़ रुपये की मदद भी दी गई जिसमें लाभार्थियों को आवास और स्वरोजगार के लिए प्रदान की गई राशि शामिल है। मनोहर लाल ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी के पिछले 12 वर्षों के रिकॉर्ड कार्यकाल में देश में आधारभूत ढांचे, जन कल्याण, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार इस अवधि में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। भूमिपूजन समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन 'ग्रीनफील्ड कॉरिडोर' से राज्य में विकास की रफ्तार तेज होगी। यादव ने कहा कि यह गलियारा इंदौर-पीथमपुर आर्थिक गलियारे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे तक पहुंच के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराएगा जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि 48 किलोमीटर लंबा इंदौर-उज्जैन गलियारा, इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक पहुंचेगा।

उन्होंने बताया कि इस मार्ग से 2028 के दौरान उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भी सुविधा होगी। सिंहस्थ कुंभ मेला भगवान शिव के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग वाली धार्मिक नगरी उज्जैन में हर 12 साल में क्षिप्रा नदी के तट पर लगता है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि मनोहर लाल और यादव की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कुल 2,548 करोड़ रुपये की लागत वाले 42,000 से अधिक आवासों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। इसके साथ ही, 992 करोड़ रुपये की लागत से बने 38,000 से अधिक मकानों में लाभार्थियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 'अमृत 2.0 योजना' के अंतर्गत 446 करोड़ रुपये की लागत वाली 116 परियोजनाओं का लोकार्पण और 310 करोड़ रुपये की लागत वाली 37 परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया।

उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आई 4352.40 करोड़ की 'सम्मान निधि'

लखनऊ, (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अन्नदाता किसानों की समृद्धि और खुशहाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उत्तर प्रदेश के सभी किसानों की ओर से ऐतिहासिक सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने लिखा, ''अन्नदाता किसानों की समृद्धि और खुशहाली प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के तहत आज प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल से 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 23वीं किस्त के रूप में 18,880 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि देश के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों को हस्तांतरित की गई है।''

उन्होंने कहा, ''इनमें उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं, जिनके खातों में 4,352.40 करोड़ रुपये की राशि सीधे पहुंची है। यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अन्नदाता के परिश्रम, सम्मान और समृद्धि के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है''

एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। इससे उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए, उनके खाते में 4352.40 करोड़ रुपये की 'सम्मान निधि' आई। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ झांसी स्थित आयुक्त सभागार में इस कार्यक्रम से जुड़े।

बयान के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से दो-दो हजार रुपये सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित हुए। इसके तहत पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में दो-दो हजार रुपये प्रति किस्त के रूप में तीन बार में प्रदान की जाती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

गोहाटी असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल कि हाईक कर लौटा बालाघाट जिले का स्काउटर एवं गाइडर दल..

जगप्रेरणा किरनापुर।

भारत स्काउट स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के वार्षिक कार्यक्रम के तहत अन्तर्राज्यीय स्काउटर एवं गाइडर हाइक का आयोजन गुवाहाटी असम में किया गया।

इस हाइक में जबलपुर संभाग के 101 स्काउटर, गाइडर एवं पदाधिकारी शामिल हुए। इस हाइक कार्यक्रम के तहत बालाघाट जिले के जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय के आदेश अनुसार बालाघाट जिले से 26 स्काउटर एवं गाइडर शामिल हुए।

इस हाइक में बालाघाट जिले के किरनापुर तहसील के दो स्काउटर एवं एक गाइडर ने भाग लिया। जिनके नाम हैं शासकीय हाईस्कूल नेवारा से सकाउटर देवलाल राहंगडाले, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर से स्काउटर कुरेशी एवं ओपन दल गाइडर खुर्शिदा बानों कुरेशी सम्मिलित हुए। इस हाईक के शिविर संचालक श्री ललित मिश्रा जी संभागीय सहायक संगठन आयुक्त जबलपुर थे उनके कुशल नेतृत्व एवं कुशल मार्ग निर्देशन में यह हाईक दिनांक 12 जून 2026 से 16 जून 2026 तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र चामतापाथर सोनापुर चाय बागान नगरी गोहाटी असम में रखी गयी। असम गोहाटी में शिविर लगाकर ऐतिहासिक स्थल, रमणीय स्थल, धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया गया। जिसमें असम गोहाटी में कामाख्या देवी मंदिर, ब्रम्हपुत्र नदी के टापू में क्रुज जल जहाज़ द्वारा टापू में पहुंच कर उमानद का मंदिर एवं ब्रम्हपुत्र नदी का दिदार किया गया। इसी दौरान रबर बागान, सुपारी बागान, साइन्स सिटी, वाटर फाल एवं गोहाटी मार्केट का आनंद लिया गया। मेघालय शिलांग में एलीफेंट फाल, पाइन हिल, एयर फोर्स म्युजियम, बाटनीकल गार्डन, डेमोप वैली, नोकालिकाई फाल, डैन्टहलेन फाल, ज्यादा वर्षा वाला स्थान चैरापुन्जी पाइण्ट, अपर शिलांग टी फार्म एवं शिलांग मार्केट के दिदार किए। इसी तरह पश्चिम बंगाल कि राजधानी कलकत्ता में काली देवी मंदिर, चर्च कैटचडल, विक्टोरिया मेमोरियल, तारा मंडल, जुलाजीकल गार्डन अलीपुर, इण्डियन म्युजियम, हावड़ा ब्रिज, गंगा सागर, ईडन गार्डन, बिरला म्युजियम एवं कलकत्ता मार्केट के भ्रमण किए गए।

इन स्थानों में जाकर वहां के लोगो से मिलकर संस्कृति, बोली, भाषा, खान पान रहन सहन वेषभूषा कला, रीति रिवाज गहराई से अध्ययन किया। इस हाईक में पहुंचाने में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के स्काउट गाइड प्रभारी घनश्याम रामटेके, प्राचार्य अनिता तारन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर का सराहनीय योगदान रहा डी. ओ. सी. इनेन्द्र डहरवाल जिला संघ बालाघाट का सहयोग सराहनीय एवं काबिले तारीफ रहा।

मंडी टैक्स बढ़ोतरी से भड़के किसान-व्यापारी, व्यापारी संघ ने सरकार के फैसले को बताया किसान विरोधी..

जगप्रेरणा लांजी।

केंद्र सरकार की 'एक राष्ट्र, एक कर' की बात करने वाली प्रदेश सरकार ने कृषि उपज मंडी में 1 प्रतिशत का मंडी टैक्स बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया है।

इस फैसले से पहले से ही संकट झेल रहे किसानों की कमर और टूट गई है, जबकि व्यापारी वर्ग में आक्रोश फैल गया है। सरकार एक तरफ निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का वादा करती है, वहीं दूसरी ओर किसानों की मेहनत की उपज पर सीधा टैक्स बढ़ाकर उनके आय को रातों रात 50 प्रतिशत कम कर दिया है।

लांजी व्यापारी संघ के अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते ने मीडिया को दिए विशेष बयान में इस फैसले की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'किसान पहले ही बढ़ती लागत, गिरते दाम और प्राकृतिक आपदाओं से परेशान हैं। ऐसे में मंडी टैक्स में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी करना सरकार की किसान-विरोधी नीति को उजागर करता है। यह फैसला नैतिकता के खिलाफ है। टैक्स का बोझ सीधे किसान पर पड़ता है, क्योंकि मंडी में बिकने वाली उपज का 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सा अब किसान की जेब से जाएगा।'

किसान-व्यापारी दोनों पर मार

व्यापारी नेताओं का कहना है कि यह बढ़ोतरी न केवल किसानों की आय घटाएगी बल्कि व्यापार करने की लागत भी बढ़ाएगी। अनौपचारिक रूप से कई छोटे व्यापारी और आढ़तिये पहले ही संकट का सामना कर रहे थे। नया टैक्स उनके मुनाफे को और सिकोड़ देगा। लांजी व्यापारी संघ ने इस फैसले का पुरजोर विरोध जताते हुए इसे अनावश्यक और असंवेदनशील करार दिया है।

सरकार के इस कदम से किसान और व्यापारी वर्ग में गहरा असंतोष व्याप्त है। वहीं कृषि उपज मंडी के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों में अजीब उत्साह दिखाई दे रहा है। गौरीशंकर सातपुते ने व्यंग्य पूर्वक कहा कि बिना लाइसेंस वाले व्यापारियों के माल को ऊपर से छोड़ने के नाम पर अब ज्यादा चाय-पानी की कमाई होने वाली है। यानी टैक्स बढ़ोतरी का असली फायदा शायद सरकारी तंत्र को ही मिलने वाला है, जबकि असली हितधारक किसान और व्यापारी दोहरी मार झेल रहे हैं।

'एक राष्ट्र एक कर' का विरोधाभास..

विपक्षी दलों और किसान संगठनों का आरोप है कि केंद्र 'एक राष्ट्र, एक कर' (त्रस्ञ्) की बात कर रही है, लेकिन राज्य स्तर पर कृषि क्षेत्र में ऐसे कर बढ़ाए जा रहे हैं जो किसान अर्थव्यवस्था को कमजोर करते हैं। कृषि उपज मंडी टैक्स कृषि से जुड़ा कर है और इसे बढ़ाने से पूरे आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ता है - खेत से मंडी तक, मंडी से बाजार तक।

गौरीशंकर सातपुते ने कहा कि जहां एक ओर सरकार फसल बीमा, सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात करती है, वहीं मंडी में टैक्स बढ़ाकर वही किसानों को जोखिम में डाल दिया जाता है। किसान की उपज पर टैक्स लगाना नैतिक रूप से गलत है। सरकार को राहत देनी चाहिए, बोझ नहीं बढ़ाना चाहिए। व्यापारी संघ ने इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों और कृषि मंत्री तक शिकायत भेजने की तैयारी कर ली है। साथ ही व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। किसान संगठन भी इस फैसले के खिलाफ एकजुट होने लगे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में होगा सामूहिक योगाभ्यास..

जगप्रेरणा लांजी।

'करो योग, रहो निरोग' के संदेश के साथ 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी परिसर में मुख्य कार्यक्रम

आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति प्रातः 6 बजे सुनिश्चित की जाएगी।

इसके पश्चात अतिथियों के उद्बोधन एवं कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण भी किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा।

योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा अनेक रोगों से बचाव संभव है। 'योग करो, रोज करो, योग से रोग दूर करो' के संदेश के साथ सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया है।

सैकड़ों स्कूली बच्चों के लिए खतरा बने स्कूल गेट के पास खड़े ऊंचे पेड़

11 केवी लाइन से हर समय हादसे की आशंका..

जगप्रेरणा लांजी।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सावरी खुर्द स्थित शासकीय एकीकृत शाला के मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगे तीन विशाल लिफ्टन के पेड़ इन दिनों सैकड़ों स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर

खतरा बन गए हैं। पेड़ों के बेहद नजदीक से 11 केवी विद्युत लाइन सहित दो घरेलू बिजली तार गुजर रहे हैं। पेड़ों की बढ़ी हुई शाखाएं लगातार विद्युत तारों के संपर्क में टूटकर आ रही हैं, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट, चिंगारियां निकलने और आग लगने जैसी घटनाएं हो रही हैं। करीब 3-4 बार विद्युत तार टूट गेई है। जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है।

ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। स्कूल का मुख्य प्रवेश द्वार इन्हीं पेड़ों के पास होने के कारण बच्चे सीधे जोखिम वाले क्षेत्र से होकर विद्यालय पहुंचते हैं। यदि स्कूल समय के दौरान कोई विद्युत तार टूटकर गिर जाए या करंट प्रवाहित हो जाए तो बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि 19 जून को भी पेड़ों की शाखाओं के कारण बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ था। उस समय स्कूल पहुंचे बच्चे भय के कारण अंदर नहीं जा सके और उन्हें काफी देर तक विद्यालय के बाहर इंतजार करना पड़ा। घटना के दौरान चिंगारियां और धुआं निकलने से बच्चों एवं अभिभावकों में दहशत का माहौल बन गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में विद्युत विभाग को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय कर्मचारियों द्वारा इसे अपना कार्य नहीं बताया जा रहा है। ग्रामीणों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने प्रशासन से मांग की है कि सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल गेट के पास खड़े खतरनाक पेड़ों की तत्काल कटाई-छंटाई कराई जाए तथा विद्युत लाइनों को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से पहले इस गंभीर समस्या का समाधान हो सके।

जैन मंदिर के सामने सड़क पर जानलेवा गड्ढे, हादसे की आशंका बढ़ी..

जगप्रेरणा लांजी।

नगर का सबसे व्यस्ततम मार्ग लांजी-बालाघाट रोड पर जैन मंदिर के ठीक सामने हाऊबाग क्षेत्र में सड़क के बीचों-बीच दो बड़े गड्ढे लगभग महीने से बने हुए हैं। जो कि दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं।

हाल में डिवाइडर बनने के बाद समस्या और बढ़ गई है, लेकिन नगर परिषद की ओर से अब तक कोई ठोस मरम्मत नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में आक्रोश फैला हुआ है।

गड्ढे बने दुर्घटना का सबब..

जानकारी के अनुसार, ये गड्ढे लगभग एक माह से सड़क पर बने हुए हैं। दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर गड्ढों के कारण छोटी गाड़ियां और दोपहिया वाहन अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं। रात में तो स्थिति और खतरनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गड्ढों के पास सिर्फ औपचारिकता के तौर पर स्टापर रख दिए गए हैं, जो किसी भी वाहन के फिसलने या दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

लोगों का कहना है कि यह मार्ग दिन भर भारी वाहन और यातायात देखता है। गड्ढे इतने बड़े हैं कि रात में अथवा बारिश होने पर यह दिखाई नहीं देंगे और कोई भी गाड़ी फंस कर पलट सकती है। स्कूल जाने वाले बच्चों और पैदल राहगीरों के लिए यह मार्ग पूरी तरह असुरक्षित हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे बनने के तुरंत बाद नगर परिषद को सूचना दे दी गई थी, लेकिन अब तक केवल स्टापर रखकर समस्या को टाल दिया गया है। नागरिकों ने नगर परिषद की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गए हैं, जबकि आम जनता रोजाना जान जोखिम में डालकर गुजर रही है। वार्ड वासियों ने गड्ढों की तुरंत और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत (फिलिंग व समतलीकरण) तत्काल किए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते गड्ढे नहीं भरे गए तो किसी भी दिन गंभीर दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत मनेरी जनपद
लांजी, जिला बालाघाट।

।। निविदा ।।

दिनांक - 21 जून 2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनेरी में 5 वाँ वित्त के तहत स्ट्रीट लाईट का कार्य किया जाना है। जिस हेतु पंचायत के द्वारा निविदा आमंत्रित की जा रही है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक निविदाकार दिनाक 22 जून 2026 से 23 जून 2026 तक मुहर बंद लिफाफे मे ग्राम पंचायत में नियत समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जमा कर सकते है।

सरपंच
मनिषा साहरे

सहा. सचिव
दशरथ उराडे

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

अतिक्रमण हटाकर रास्ता बनाने पर बढ़ा विवाद, सरपंच समेत 6 लोग घायल..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

ग्राम चीनी के बर्राटोला में बच्चों के स्कूल आने-जाने के लिए रास्ता उपलब्ध कराने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर रास्ता बनाए जाने के बाद शनिवार शाम दो पक्षों के बीच फिर विवाद हो गया।

घटना में महिला सरपंच प्रमिला राम उइके समेत 6 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार बर्राटोला में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने के लिए उचित रास्ता नहीं मिल रहा था। ग्राम पंचायत ने संबंधित परिवार से पुराने रास्ते के लिए भूमि छोड़ने का आग्रह किया था, लेकिन सहमति नहीं बनने पर विवाद गहराने लगा। कई बैठकों और समझाइश के बावजूद मामला नहीं सुलझा। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ा और पुलिस व राजस्व विभाग ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों पर बांड ओवर की कार्रवाई की थी।

17 जून को हटाया गया था अतिक्रमण

बताया गया कि 17 जून को राजस्व और पुलिस अमले की मौजूदगी में ग्राम पंचायत ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाते हुए करीब 12 फीट हिस्से की दीवार तोड़कर बच्चों के आवागमन के लिए रास्ता खुलवाया था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप और शिकायतों का दौर शुरू हो गया।

संबंधित परिवार ने पंचायत के एक पंच पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं 19 जून को महिला सरपंच प्रमिला राम उइके बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ परसवाड़ा थाने पहुंचीं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीण वापस लौट गए थे।

रास्ते पर गड्ढे खोदने को लेकर फिर भड़का विवाद

ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार शाम अतिक्रमण हटाकर बनाए गए रास्ते पर संबंधित परिवार द्वारा गड्ढे खोदे जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवाद के दौरान परिवार के लोगों ने सरपंच प्रमिला उइके और अन्य ग्रामीणों के साथ मारपीट की तथा ईंट-पत्थर फेंके। ग्रामीणों ने एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट कर उसके पेट में लात मारने का भी आरोप लगाया है।

विवाद में महिला सरपंच सहित कुल 6 लोग घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद में शामिल चार लोगों को हिरासत में ले लिया। घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया।

थाने में जुटे ग्रामीण, कार्रवाई की मांग

सरपंच के घायल होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण परसवाड़ा थाने पहुंच गए और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। देर रात तक थाने का माहौल तनावपूर्ण बना रहा। आसपास के गांवों के सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीण भी समर्थन में पहुंचे। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) सहित एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(वीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

पीएम किसान सम्मान निधि की 23 वीं किश्त जारी..

बालाघाट के 3.36 लाख से अधिक किसानों को मिला लाभ..

जगप्रेरणा बालाघाट।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से देशभर के किसानों के बैंक खातों में अंतरण किया।

इस अवसर पर बालाघाट जिले में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाहॉल में प्रदर्शित किया गया, जिसमें किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री डी.पी. बर्मन, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले की सभी तहसीलों एवं विकासखंड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के माध्यम से पात्र किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। दोनों योजनाओं के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6-6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। इस प्रकार किसानों को सालाना कुल 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त होती है।

बालाघाट जिले में इन दोनों योजनाओं के तहत 3 लाख 36 हजार 130 किसान परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। 23वीं किश्त जारी होने के साथ ही जिले के किसानों के खातों में राशि पहुंच गई है, जिससे उन्हें खेती-किसानी और अन्य आवश्यक कार्यों में आर्थिक सहायता मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में बालाघाट जिले के सर्वाधिक किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ-साथ कृषि गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

किसानों ने योजनाओं के माध्यम से नियमित रूप से मिल रही आर्थिक सहायता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि कृषि कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

प्रदेश स्तर पर मिली नई जिम्मेदारी, परसवाड़ा ने नम आंखों से दी विदाई

प्राचार्य, सीईओ और सहायक संचालक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभाने वाले डी.डी. ठाकरे को शिक्षकों ने बताया कुशल प्रशासक, मार्गदर्शक और सरल व्यक्तित्व का धनी

हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

लगभग चार दशक तक शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन करने वाले सहायक संचालक डी.डी. ठाकरे को प्रदेश के आयुक्त कार्यालय, जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल में सेवाएं देने के लिए चयनित होने पर शुक्रवार

को परसवाड़ा में भावभीनी विदाई दी गई। रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सबरी माता कन्या शिक्षा परिसर परिवार द्वारा आयोजित अलग-अलग विदाई समारोहों में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में श्री ठाकरे का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके लंबे और उल्लेखनीय सेवाकाल को याद किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने हमेशा कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शिक्षा व्यवस्था के हित में कार्य किया।

कांटों का ताज है बीईओ का पद, फिर भी सहजता से निभाई हर जिम्मेदारी - यू.एस. राजपूत

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदना के प्राचार्य यू.एस. राजपूत ने कहा कि डी.डी. ठाकरे ने अपने पूरे सेवाकाल में जिस निष्ठा, धैर्य और कुशलता के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से उनका श्री ठाकरे से निकट संपर्क रहा है और इस दौरान उन्होंने हमेशा उन्हें शांत, संयमित और सकारात्मक व्यक्तित्व के रूप में पाया।

श्री राजपूत ने कहा कि सामान्यतः लोग एक जिम्मेदारी को निभाने में कठिनाई महसूस करते हैं, लेकिन श्री ठाकरे ने पहले प्राचार्य, फिर विकासखंड शिक्षा अधिकारी और उसके बाद जिले के जनजातीय कार्य विभाग में सहायक संचालक जैसी चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। उन्होंने कहा कि सहायक संचालक का दायित्व केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं, वेतन प्रकरणों, न्यायालयीन मामलों और कर्मचारी संगठनों के समन्वय से भी जुड़ा होता है। इन सभी जटिल परिस्थितियों में भी श्री ठाकरे ने अद्भुत संतुलन और विवेक का परिचय दिया।

उन्होंने कहा कि बीईओ का पद वास्तव में ÷कांटों का ताज÷ है, जहां हर दिन नई चुनौतियां सामने आती हैं। इस आयु में भी उन्होंने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वह प्रशंसनीय है। अब प्रदेश स्तर पर उनका चयन पूरे परसवाड़ा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

'चहुंमुखी प्रतिभा के धनी हैं ठाकरे सर' - डालीराम मस्करे

छात्रावास अधीक्षक डालीराम मस्करे ने श्री ठाकरे को चहुंमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि प्रशासनिक क्षमता, मानवीय व्यवहार और कार्यकुशलता का अद्भुत संगम उनके व्यक्तित्व में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि भोपाल स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग में सहायक संचालक के रूप में उनकी नई जिम्मेदारी निश्चित रूप से विभाग को नई दिशा प्रदान करेगी।

'हमेशा मिलता रहे आपका मार्गदर्शन' - सुनीता पन्द्रे

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुनीता पन्द्रे ने कहा कि विद्यालय के संचालन और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में श्री ठाकरे का मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई जिम्मेदारी संभालने के बाद भी उनका स्नेह और मार्गदर्शन विद्यालय परिवार को मिलता रहेगा।

मैं हमेशा विदाई से बचता रहा हूं - डी.डी. ठाकरे

अपने उद्बोधन में भावुक दिखाई दिए श्री ठाकरे ने कहा कि वे हमेशा विदाई समारोहों से बचते रहे हैं और चाहते थे कि उन्हें औपचारिक विदाई न मिले, लेकिन साथियों का स्नेह उन्हें यहां तक ले आया।

उन्होंने बताया कि भोपाल में उन्हें तीन महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिनमें शिकायत प्रकरण, लोकायुक्त से संबंधित मामले तथा विभागीय जांच शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वहां का कार्यक्षेत्र भले ही अलग होगा, लेकिन जिम्मेदारियां कम नहीं होंगी। पूरे प्रदेश से जुड़े मामलों का निपटारा करना होगा।

उन्होंने शिक्षकों और कर्मचारियों को विशेष रूप से वित्तीय मामलों में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में छोटी-सी त्रुटि भी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों पर विश्वास करना भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि विश्वास के बिना कोई भी व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चल सकती।

अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि परसवाड़ा में कार्य करते हुए उन्होंने हमेशा टीम भावना के साथ काम किया और अतिथि शिक्षकों के सत्यापन सहित अनेक कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जहां रहेंगे, वहां से जिले और विभाग के हित में बेहतर कार्य करने का प्रयास जारी रहेगा।

सबरी माता कन्या शिक्षा परिसर में भी भावुक हुआ माहौल

शुक्रवार देर शाम सबरी माता कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित विदाई समारोह में भी भावुक दृश्य देखने को मिले। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपने प्रिय अधिकारी का अभिनंदन किया।

'सेवानिवृत्ति से पहले मिला बड़ा सम्मान' - वाए.के. राहंगडाले

सहायक शिक्षक वाए.के. राहंगडाले ने अपने 35 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि सामान्यतः अधिकारी अपने कार्यकाल की समाप्ति तक एक ही स्थान पर सेवाएं देते हैं, लेकिन श्री ठाकरे को सेवानिवृत्ति से पूर्व प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी मिलना उनके उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। यह पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

'परिसर की स्थापना में रहा महत्वपूर्ण योगदान' - चैनलाल रामानन्दी

शिक्षक चैनलाल रामानन्दी ने कहा कि वर्ष 2016 में जब कन्या शिक्षा परिसर की स्थापना हुई थी, तब विद्यार्थियों को जोड़ने से लेकर विद्यालय संचालन तक हर स्तर पर श्री ठाकरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी श्री ठाकरे ने हमेशा शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया और विद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

'आज भी गुरु और शिष्य साथ काम कर रहे हैं' - वेद प्रकाश पटले

शिक्षक वेद प्रकाश पटले ने भावुक होते हुए कहा कि वे स्वयं श्री ठाकरे के शिष्य रहे हैं और बाद में उनके साथ कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें एक ऐसे शिक्षक और अधिकारी के साथ काम करने का अवसर मिला, जिन्होंने हमेशा अपने सहयोगियों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा थी कि सेवानिवृत्ति तक वे श्री ठाकरे के साथ कार्य करें, लेकिन प्रदेश स्तर पर उनका चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

'मैंने केवल विद्यालय सजाया, नींव ठाकरे सर ने रखी' - जयंत खंडवे

कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य जयंत खंडवे ने कहा कि विद्यालय की स्थापना और विकास की मजबूत नींव श्री ठाकरे ने रखी थी। उन्होंने कहा कि यदि आज विद्यालय एक बेहतर शैक्षणिक संस्थान के रूप में पहचाना जाता है तो उसमें श्री ठाकरे का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि उन्होंने केवल विद्यालय को सजाने और संवारने का कार्य किया है, जबकि इसकी आधारशिला रखने का श्रेय श्री ठाकरे को जाता है। उन्होंने आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

छात्राओं को दी मेहनत और गणित विषय चुनने की सीख-

समारोह के अंत में छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री ठाकरे ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता से सबसे अधिक खुशी उसके शिक्षकों को होती है। उन्होंने छात्राओं से अधिक मेहनत करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में गणित के क्षेत्र में रोजगार और करियर की अपार संभावनाएं हैं। यदि छात्राएं इस विषय में रुचि लेकर मेहनत करें तो वे भविष्य में बड़े अवसर प्राप्त कर सकती हैं।

कार्यक्रम में प्राचार्य जयंत खंडवे, वेद प्रकाश पटले, संजय राहंगडाले, ए.के. राहंगडाले, सी.एस. राहंगडाले, डालीराम मस्करे, एच.एल. पन्द्रे, नंदलाल खैरवार, श्री कावरे, मुकेश रंगारे, चैनलाल रामानन्दी, महेंद्र तिवारी, संतोष गौतम, मनोज वरकड़े, सूरज महोबिया, हर्ष पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्रदेश स्तर पर मिली नई जिम्मेदारी के साथ डी.डी. ठाकरे की विदाई केवल एक अधिकारी की विदाई नहीं थी, बल्कि एक ऐसे मार्गदर्शक, प्रशासक और शिक्षाविद् को सम्मानपूर्वक विदा करने का अवसर था, जिन्होंने वर्षों तक शिक्षा जगत को अपनी सेवाएं समर्पित कीं।

एपीसी बैठक की तैयारियों के लिये कलेक्टर मृणाल मीना ने ली अधिकारियों की बैठक..

जगप्रेरणा बालाघाट।

खरीफफसलों के अधिक उत्पादन की प्रगति कों लेकर होने वाली एपीसी की बैठक के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 20 जून को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य उद्योग, पशुपालन एवं सहकारी बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी को जिले में मक्का व मूंगफली की फसल में उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना नें जिले में ड्रीप स्प्रिंकलर सिचाई कों प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ हीं उन्होंनें सभी फसलों के बीजो का बटवारा शीघ्र कराने के निर्देश दिए और कहा की किसानों कों उत्तम किस्म के बीज उपलब्ध होने चाहिए ताकि उन्हें खेती करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया की जिले में किसानों के सीमांकन की कोई जानकारी नहीं है जिस पर कलेक्टर श्री मीना नें नाराजगी जाहिर करते हुए किसानों का सीमांकन शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

बैठक में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मीना नें सम्बंधित विभागीय अधिकारी कों निर्देश दिए की वे शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के लक्ष्यो कों समय सीमा में पूर्ण करें।

इस दौरान क्रियान्वयन उद्यानो के क्षेत्रफल की जानकारी की विस्तार से समीक्षा की गयी व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

न्यायालय तहसीलदार तहसील बैहर जिला बालाघाट

।। ईश्तहार ।।

रा. प्र.क. - 0001/अ-20 (3) वर्ष 2026-27
मौजा बैहर / प.ह.न. - 17/1
राजस्व निरीक्षक मण्डल बैहर तहसील बैहर
जिला बालाघाट (म. प्र.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि **INTELIGENCE BUREAU (IB) MINISTRY HOME AFFAIRS** द्वारा प.ह.न. 17/1 मौजा बैहर नजूल राजस्व निरीक्षक मण्डल बैहर तहसील बैहर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 3/2/1/1 रकबा 4.816 हे. भूमि मे से रकबा 0.121 हे. नजूल मद की भूमि को डी.सी.आई.ओ. कार्यालय सह आवास हेतु विभाग को हस्तान्तरित किये जाने भूमि आवंटन की मांग की गई है। उपरोक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था को दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय मे अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत् अवधि बाद प्राप्त दावे / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

जारी दिनांक 02/06/2026

तहसीलदार
बैहर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा ग्रामीण
11 रविवार 21 जून 2026
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

घर की दीवार से सटाकर जेसीबी से 5 फुट गहरी खुदाई..

पूर्व सैनिक का मकान गिरने की आशंका..

मरम्मत कराने से किया इंकार..

जगप्रेरणा सालेकसा।

पूर्व सैनिक एवं निंबाटोला निवासी शिक्षक सदाशिव बिसेन के घर के पास एक किसान द्वारा जेसीबी

मशीन से घर की दीवार से सटाकर लगभग 5 फुट गहरी खुदाई किए जाने के कारण बरसात के मौसम में उनके मकान के गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। खुदाई किए गए गड्ढे में वर्षा का पानी भरने से मकान की नींव कमजोर होने की आशंका है, जिससे बिसेन परिवार के सामने बरसात में सुरक्षित रहने की चिंता खड़ी हो गई है। पीड़ित परिवार ने यह जानकारी पत्रकार परिषद में दी।

सदाशिव जियालाल बिसेन भारतीय सेना के पूर्व सैनिक हैं और वर्तमान में पुराने सालेकसा स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनका घर निंबाटोला (गोर्रे) में स्थित है। उनके घर के समीप दादूराम बघेले का पुराना मकान था। उस मकान को तोड़कर उनके पुत्र मुकेश बघेले और प्रवीण बघेले ने मत्स्य पालन के उद्देश्य से खेत तालाब (शेततळे) का निर्माण कराया। बताया गया है कि खेत तालाब की खुदाई बिसेन के मकान की दीवार से बिल्कुल सटाकर की गई, जिससे उनके घर के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। स्थिति को गंभीर देखते हुए सदाशिव बिसेन ने गांव के सरपंच, पुलिस पाटिल तथा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित परिवार के अनुसार शिकायत किए जाने से नाराज होकर संबंधित पक्ष ने उनसे सवाल किया कि जब खुदाई उनकी स्वयं की जमीन पर की गई है तो शिकायत क्यों की गई। इसके बाद ग्राम पंचायत और पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों के बीच चर्चा कराई, जिसमें घर के पास की गई खुदाई को भरकर सुरक्षित करने का आश्वासन दिया गया था।

हालांकि अब बरसात शुरू होने के बावजूद मुकेश बघेले द्वारा मरम्मत और सुरक्षा संबंधी कार्य कराने से इंकार किया जा रहा है। इससे बिसेन परिवार में भय का माहौल है और उन्हें अपने ही घर में रहने से डर लगने लगा है। पूर्व सैनिक के परिवार ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने और उनके घर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग पत्रकार परिषद के माध्यम से की है।

देवरी तालुका में महा - स्वास्थ्य शिविर और महिला सम्मेलन उत्साहपूर्वक संपन्न

महिला बचत गट भवन सभागार का लोकार्पण..

जगप्रेरणा देवरी।

महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संवर्धन और जनकल्याण का त्रिवेणी संगम साधते हुए शिलापुर स्थित जिला परिषद प्राथमिक स्कूल में महा-स्वास्थ्य रोग निदान,

नेत्र जांच शिविर और 'उमेद अभियान' के अंतर्गत वार्षिक आम बैठक (सर्वसाधारण सभा) व महिला सम्मेलन हाल ही में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। पूर्व विधायक संजय पुराम और पूर्व महिला एवं बाल कल्याण सभापति के मार्गदर्शन व पहल पर आयोजित इस शिविर का क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों और महिलाओं ने लाभ उठाया।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन और गांव के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से इस भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही विशेषज्ञों द्वारा स्वयं सहायता समूहों (बचत गटों) के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से कैसे सक्षम बनें, इस पर मुफ्त मार्गदर्शन दिया गया।

महिला बचत गट भवन सभागार का उद्घाटन..

इसी कार्यक्रम के अवसर पर शिलापुर में नवनिर्मित 'महिला बचत गट भवन सभागार' का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर यह विश्वास व्यक्त किया गया कि आने वाले समय में यह सभागार महिला बचत गटों की नियमित बैठकों, विभिन्न प्रशिक्षण वर्गों और महिलाओं की रचनात्मक गतिविधियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

सैकड़ों नागरिकों की स्वास्थ्य जांच, मुफ्त चश्मा वितरण..

जनकल्याण शिविर अभियान के अंतर्गत आयोजित महा-स्वास्थ्य रोग निदान एवं नेत्र जांच शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें उचित चिकित्सा सलाह व दवाएं दी गईं। इसके साथ ही, नेत्र जांच के दौरान चिन्हित किए गए जरूरतमंद और दृष्टि दोष वाले लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मुफ्त चश्मे वितरित किए गए।

'स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र' निर्माण का संकल्प..

इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व विधायक संजय पुराम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संकल्प व्यक्त किया कि, 'समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों पर काम करना ही सच्ची लोकसेवा है। जनता का स्वास्थ्य और महिलाओं का आर्थिक स्वावलंबन ही राष्ट्र के विकास की नींव है, और जनहित की यह विकास यात्रा भविष्य में भी इसी तरह पूरे जोश के साथ जारी रहेगी।'

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता, 'उमेद' अभियान के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्य तथा शिलापुर और आसपास के क्षेत्र के नागरिक एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

श्री लक्ष्मणराव मानकर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के शानदार नतीजे..

एमएसबीटीई डिप्लोमा इन फार्मेसी परीक्षा 2026 में 83 प्रतिशत सफलता, छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया..

जगप्रेरणा आमगांव।

महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन (MSBTE), मुंबई के डिप्लोमा इन फार्मेसी ग्रीष्म 2026 के हाल ही में घोषित नतीजों में, श्री लक्ष्मणराव मानकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, आमगांव ने शानदार नतीजों की परंपरा को बनाए रखा है और इस साल भी शानदार सफलता हासिल की है। कॉलेज का कुल नतीजा 83 प्रतिशत तक रहा है और छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है।

कॉलेज के मेधावी छात्रों में, कशिश दरवड़े ने पहले साल में पहली जगह हासिल की। सुमित सोनाकनेऊरे ने दूसरी जगह और मोनिका बहेटवार ने तीसरी जगह हासिल की। साथ ही, गायत्री तुमसरे ने दूसरे साल में पहली जगह हासिल की। साक्षी चौधरी ने दूसरी जगह और सुश्री दामिनी बिसेन ने तीसरी जगह हासिल करके शानदार सफलता हासिल की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तुलसीदास निंबेकर, भवभूति शिक्षण संस्था के टेक्निकल एडवाइजर डॉ. डी. के. सांघी और इंस्टिट्यूट के सेक्रेटरी श्री केशवराव मानकर ने इन सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर, उन्होंने बताया कि छात्राओं की इस सफलता में उनके माता-पिता, प्रोफेसर और स्टाफका बहुत बड़ा योगदान है। होनहार छात्रों को खास तौर पर सम्मानित किया गया और उनकी आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कॉलेज की इस सफलता ने एक बार फिर इंस्टिट्यूट की एजुकेशनल क्वालिटी को सामने लाया है और इलाके में खुशी का माहौल बन गया है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

अमृत युपीएससी मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए आर्थिक मदद दे रहा है..

उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन जमा करें..

जगप्रेरणा आमगांव।

महाराष्ट्र रिसर्च, डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (अमृत) राज्य में खुले प्रवर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों अमृत के टारगेट ग्रुप (ब्राह्मण, कायस्थ, कोमटी, मारवाड़ी,

पटेल, राजपूत, यलमार, अयंगर, राजपुरोहित, पाटीदार, वैश्य, नायर, नायडू, कम्मा, बनिया, बंगाली, त्यागी, सेंगुंथर, गुजराती, जाट, हिंदू नेपाली, भूमिहार, लोहाना, कंबी) के लिए यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (UPSC) सिविल सर्विस मेन एग्जाम और इंटरव्यू की तैयारी के लिए 'इंसेंटिव प्रोत्साहन राशी(साल 2026-27) योजना लागू कर रहा है।

साल 2026-27 में यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (UPSC) सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी एग्जाम 2026 पास करने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर मदद लेने में इंटरेस्टेड कैंडिडेट से ऑनलाइन एप्लीकेशन मंगाए जा रहे हैं। इसके लिए, संबंधित व्यक्ति **https/ /mahaamrut .org.in/** वेबसाइट पर ऑनलाइन एप्लीकेशन भरें। एप्लीकेशन जमा करने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करें। इस स्कीम के बारे में आगे की सभी जानकारी/निर्देश सिर्फ़ अमृत वेबसाइट पर ही पब्लिश किए जाएंगे। स्कीम के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए और अगर आपको ऑनलाइन एप्लीकेशन भरने में कोई शक है, तो कृपया संबंधित ज़िला अमृत ऑफिस में संपर्क करें। इस स्कीम के तहत, योग्य उम्मीदवारों को मेन परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हज़ार रुपये और इंटरव्यू की तैयारी के लिए 25 हज़ार रुपये की प्रोत्साहन आर्थिक मदद दी जाएगी।

इस स्कीम के लिए ऑनलाइन/वेबसाइट पर एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख 17 जुलाई 2026 है। ज़्यादा जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9112228776 पर संपर्क करें, ऐसा ज़िला मैनेजर 'अमृत' गोंदिया कार्तिक तिवारी ने बताया।

रासायनिक खाद की अधिक कीमत पर बिक्री, गोंदिया के कृषि केंद्र संचालक पर मामला दर्ज

जगप्रेरणा गोंदिया।

शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक दर पर रासायनिक खाद बेचकर किसानों से आर्थिक धोखाधड़ी करने के मामले में गोंदिया जिले के रावणवाड़ी पुलिस थाने में एक कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यह कार्रवाई 16 जून 2026 को कृषि विभाग की नियमित जांच के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार, मे. विनायक फर्टिलाइजर्स, कामठा, तहसील एवं जिला गोंदिया के संचालक विनायक मुन्नालाल अग्रवाल पर आरोप है कि उनके केंद्र पर मध्य भारत कंपनी के 20:20:0:13 रासायनिक खाद की बिक्री निर्धारित एमआरपी से अधिक मूल्य पर की जा रही थी।

जांच के दौरान नवरगांव कला निवासी किसान शैलेश सुदाम उके ने बताया कि उन्होंने उक्त खाद की एक बोरी 1800 रुपये में खरीदी थी, जबकि बोरी पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य 1500 रुपये था। इस प्रकार किसान से प्रति बोरी 300 रुपये अधिक वसूले गए। किसान ने भुगतान का यूपीआई (ऑनलाइन) प्रमाण भी जांच दल को उपलब्ध कराया। साथ ही यह भी सामने आया कि विक्रेता द्वारा खाद बिक्री की कोई पक्की रसीद नहीं दी गई थी। कृषि विभाग के अनुसार निर्धारित एमआरपी से अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री करना तथा खरीदार को पक्की रसीद न देना खाद नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

इसी आधार पर संबंधित कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ रावणवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है। यह कार्रवाई गोंदिया के जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदवले, नागपुर संभाग के विभागीय कृषि सहसंचालक उमेश घाटगे तथा जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी निलेश रामदास कानवड़े के मार्गदर्शन में जिला गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा की गई।

कृषि विभाग ने जिले के सभी कृषि केंद्र संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि खाद की बिक्री केवल शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर ही की जाए तथा प्रत्येक बिक्री की पक्की रसीद किसानों को दी जाए। यदि कोई विक्रेता किसानों का आर्थिक शोषण करते हुए नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आज सालेकसा मे भव्य योग महोत्सव



जगप्रेरणा सालेकसा।

पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में भारत स्वाभिमान महिला पंतजलि समिति पंताजलि योग समिति ग्लोब कम्प्यूटर, लोकमत सखी मंच सालेकसा,

कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा के संयुक्त तत्वावधान में गिरोला स्थित रानमेवा पार्क में 12 वे अतंरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया सुबह 6:00 बजे किया गया है। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में नागरिक से उपस्थित रहने का आव्हान आयोजकों ने किया है।

गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

चिकन लेने गये आदमी के डेढ़ लाख रुपये चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के पुलिस स्टेशन गोरेगाव अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 19/6/2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान सावजी चिकन सेंटर गोरेगाव मे फर्यादी इंद्रराज नारायण हरीणखेडे उम्र 59 वर्ष निवासी गोरेगाव ने स्टेट बँक आफ इंडिया से 3 लाख रुपये निकाले और अपनी एक्टीवा के डिक्की मे रखे, और चिकन लेने गये चिकन लेकर वापस आये तो देखा की डिक्की खुली हुई थी अज्ञात चोर ने 3 लाख रुपये मे से देढ लाए रुपये चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 435/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ राजकुमार पवार 418 पोलीस स्टेशन गोरेगांव कर रहे है।

गाड़ी स्लिप होकर गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/6/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान इर्री टोली मे मजबुर ओमकार मडावी उम्र 35 वर्ष निवासी गुदमा की गाडी स्लिप हुई उसे सर मे गंभीर चोट लगने से केटीएस अस्पताल लाया गया प्राथमिक उपचार कर उसे नागपुर मेडीकल रेफर किया गया नागपुर मे चल रहे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र पोस्टे गोंदिया मे प्राप्त होने से पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अकस्मात मौत क्रमांक 19/2024 धारा 194, भान्यासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा दसरिया 1261 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

शराब के नशे मे पत्नी से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/6/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान हिवरा मे फर्यादी और पंचफुला आपस मे बात कर रही थी। आरोपी शराब के नशे मे आया और कहा तुम मेरे बारे मे क्या बात कर रहे हो, और अपनी पत्नी पंचफुला को इटे से मारकर जख्मी करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 395/2026 धारा 118,2,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा राजु वनवे 1183 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

मेरी भाभी से क्यो बात करता है, बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/6/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान कामठा चौक मे फर्यादी जितेन्द्र वैरागडे उम्र 39 वर्ष निवासी नवेगाव अपने दोस्त के साथ मोटरसायकल पर जा रहा था। रास्ते मे आरोपी ने रोककर कहा तु मेरी भाभी से क्यो बात करता है बोलकर मारपीट की पीछे बैठे मित्र से भी मारपीट की और कहा रुको अभी मर्डर करता हु बोलकर धारदार हथियार निकाला फर्यादी रोकने गया तो उसके हाथ मे चोट लगने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 434/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 352, 351, 3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा उईके 795 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

सावधान! इस वर्ष सुखा और अकाल के नजर आ रहे आसार

बारिश नही होने से बढ़ी चिंताएं.. भीषण गर्मी बन रही जानलेवा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

हर वर्ष भीषण गर्मी में जब नवतपा का दौर शुरु होता है, मानो ईश्वर की नेहमत कुछ इस तरह से बरसने लगती है कि नवतपा के आते और खत्म होने तक ही बारिश दस्तक देने लगती है। जून महीने के प्रथम सप्ताह से लेकर जैसे जैसे जून माह आगे बढ़ता चला जाता है, तेज बारिश और आंधी

तूफान से मौसम का परिवर्तन जन जन को लुभाने लगता है, और ऐसा लगता है कि चलो भीषण गर्मी से अब राहत मिलनी शुरु हो गई, लेकिन यह क्या, इस वर्ष तो 20 जून तक बारिश का नामो निशान कहीं नजर नहीं आ रहा है। गोंदिया, बालाघाट, नागपुर, अकोला, अमरावती, जबलपुर, रायपुर आदि किसी भी शहर में बारिश की बूंदों ने दस्तक नहीं दी है, जिसका परिणाम है कि भीषण गर्मी अब दिन प्रतिदिन असहयनीय होती चली जा रही है, जबकि सोशल मीडिया से लेकर अन्य माध्यमों से भी यह दावे किये जा रहे हैं कि इस वर्ष सूखा और अकाल की स्थिति निर्मित होगी, और बारिश का भारी अभाव होगा।

किसानों के साथ साथ हर कोई चिंतित..

गौरतलब है कि भारत देश मुख्य रुप से कृषि प्रधान देश है। अनाज का उत्पादन करके किसान जो कमाते हैं, उसके आधार पर देश की बड़ी अर्थव्यवस्था निर्भर करती है। ऐसे में जबकि बारिश नहीं होगी, तो इसका सीधा असर अनाज उत्पादन पर पड़ेगा। अनाज का उत्पादन नहीं होने से किसान की आर्थिक बदहाली पुरे देश को प्रभावित करेगी।

बोले राजन चौबे..

गोंदिया जिले के आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने बताया कि इस वर्ष भारतीय मौसम विभाग द्वारा जो सूचनाएं जारी की गई है, उसमें बारिश की संभावना सामान्य से कम होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। पुरे देश में, साथ ही अलनीनो की स्थिति लगातार मजबूत होती रही है, जिससे मानसून की स्थिति कमजोर होती हुई नजर आ रही है। आज दिनांक 21 जून तक भी पुरे महाराष्ट्र में मानसून अभी तक सक्रिय नहीं हो पाया है, खासतौर पर विदर्भ में। कम बारिश की संभावनाओं को देखते हुए जलाशयों के संचय सीमित होने के कारण नागरिकों व किसानों से इसका उपयोग सीमित मात्रा में ही करने की अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है। किसानों को खेती करने से संबंधित समय समय पर मौसम विभाग द्वारा प्राप्त सूचनाओं का पालन करने के पश्चात ही कृषि कार्य में प्रगति करनी चाहिये।

नागरिक करे जल संचयन..

राजन चौबे ने आगे कहा किइस वर्ष जल का उपयोग सोच समझकर करें, साथ ही रेल वॉटर हॉर्वेस्टिंग, भूमिगत जलवृद्धि की प्रक्रिया को हम सभी नागरिकों को अमल में लाना चाहिये एवं इसके क्रियान्वयन के लिये प्रभावी ढंग से उपाय किये जाने चाहिये।

अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे..

श्री चौबे ने आगे यह भी कहा कि भविष्य में जल समस्याओं के निराकरण हेतु तथा बढ़ते हुए तापमान से सुरक्षा एवं बचाव करने के लिये वृक्षारोपण विशेषतः देशी प्रजाति के पेड़ों का, बरगद, पीपल, आम, नीम, जामुन इत्यादि का वृक्षारोपण करें।

सरकार सारे प्रबंधों के लिये तैयार.. - विधायक विनोद अग्रवाल

गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष सूखा और अकाल की दृष्टि से किस तरह के किन किन उपायों और समाधान की आवश्यकता है, इसको लेकर सरकार की ओर से समुचित व्यवस्थाएं और प्रबंध किये जा रहे हैं।

विधायक विनोद अग्रवाल ने मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिको से जलसंचय के लिये अधिक से अधिक प्रयास करने तथा वृक्षारोपण जैसे उपायों के लिये भी संस्थाओं और नागरिकों से आगे आकर सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

मंदिरों में दान की जगह प्रत्यक्ष दीन हीन और जरुरतमंदो की मदद करें..

गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने की अपील

कहा अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट में हुई करोड़ो की चोरी से सबक ले आस्थावान..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया के विदर्भवादी नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों द्वारा मंदिर के चंदे में की गई हेराफेरी को आस्था से खिलवाड़ और सबसे घृणित लूट करार दिया है, तथा श्री अग्रवाल ने धर्म और आस्था में लाखों करोड़ों का चंदा चढ़ाने

वालों को इस घटना से सबक लेने का आहवान किया है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भारत देश के लोगों की सबसे बड़ी आस्था धर्म पर रही है, इसके कारण भारत देश के सभी राज्यों में मंदिरों के पास अकूत धनदौलत जमा है। भारत में तिरुपति बालाजी, रामेश्वर, शिरडी सांई मंदिर और अब अयोध्या का राम मंदिर, सभी मंदिरों के पास धन धान्य के भंडार जमा हो जाते हैं, और फिर इन मंदिरों के ट्रस्टी लोग इस जमा बड़ी दौलत का कैसा उपयोग करते हैं, यह अयोध्या राम मंदिर में चंदे में की गई हेराफेरी से सामने आ गया है।

इसलिये मोहम्मद गजनबी सोमनाथ मंदिर को लूट ले गया..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा मंदिरों के पास सोना, चांदी, हीरे, जवाहरात और धनराशि के भंडार होते थे, और इसलिये महमूद गजनबी जैसे लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर को एक नहीं कई बार लूटा। श्री अग्रवाल ने कहा कि पुरातन काल से लेकर आज तक मंदिरों में धन की हिसाब कोई नहीं जान सका, और इसकी लूट को भी कोई नहीं रोक सका।

अयोध्या राम मंदिर में चंदाखाऊ लोगो को फांसी की सजा दे..

छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि मंदिर में चोरी करने वाले लोगों पर अपराध दर्ज करते हुए उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिये। भारत और विश्व के करोड़ों लोगों की आस्था से खिलवाड़ करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार इस्कॉन भी एक ऐसी संस्था है, जिसके माध्यम से चंदे की राशि विदेशों में जाती है, क्योंकि ट्रस्ट का संचालन विदेशी लोग करते हैं। भारत में सबसे बड़ी लूट ही आस्था के नाम पर की जाती है, इसे नकारा नहीं जा सकता।

सभी ट्रस्टो के लिये चंदे का पेपर पब्लिकेशन हो..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर में चंदे में डकैती भी की गई है, यह इस रुप में सामने आ रही है कि जो सोना, चांदी और धनराशि लोगों ने दी, ऐसी कई राशि और सोना चांदी तो ट्रस्ट के पास जमा भी नहीं किया गया, और बाहर की बाहर गायब कर दिया गया। और अब खुलासा तब हो रहा है कि जब लोग सामने आकर बता रहे हैं कि किसने किसने क्या क्या दिया।

श्री अग्रवाल ने कहा कि इस विषय से सबक लेकर सरकार को मंदिर ट्रस्ट और सार्वजनिक संस्थानों के लिये वर्ष में एक बार वार्षिक चंदे की सूची का पब्लिकेशन अनिवार्य कर दिया जाना चाहिये। प्रतिवर्ष प्रत्येक ट्रस्ट के लिये 3 समाचार पत्रों में पेपर पब्लिकेशन की अनिवार्यता होगी, तो फिर चंदा कहां से मिला, किसने दिया, इसका हिसाब भी सामने आयेगा, और चंदा देने वाले भी जान सकेंगे कि उनके चंदे को उल्लेख है या फिर किसी ट्रस्टी ने खा लिया।

मंदिरों में दान की जगह प्रत्यक्ष दीन हीन जरुरतमंदो की मदद करें..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि जब व्यक्ति के पास जरुरत से अधिक धन हो तो निश्चित ही जरुरतमंदों की मदद में उस धन का उपयोग किया जाना चाहिये, यही सच्ची मानवता है, लेकिन दान दाताओं को अब दान करते समय यह जरुर देखना चाहिये कि वे किसे दान करें, और उस दान का क्या उपयोग किया जायेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि दिन हीन जरुरतमंदों की मदद के लिये, किसी के उपचार के लिये, बच्चों की पढ़ाई के लिये, बेटीयों की शादी के लिये, सेवाभावी डॉक्टर्स के माध्यम से दवाई के लिये तो वहीं सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर व्यवस्थाओं के लिये दान देने लोगों को कदम बढ़ाने चाहिये, सिर्फ मंदिरों में धनों का भंडार जमा किया जाता रहेगा, तो फिर ट्रस्टीयों की लूट के मामले भी सामने आते रहेंगे।

रक्तदान करना ही सच्ची मानव सेवा है.. - नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे

श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल समिति एवं श्री गिरिराज गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने स्वयं रक्तदान कर की मानवसेवा की शुरुआत, 35 यूनिट रक्त किया गया संकलित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

रक्तदान करना ही सच्ची मानव सेवा है, रक्तदान किसी प्रकार की मानवता में भेदभाव नहीं रखता। ईश्वर की इतनी सुंदर निर्मिति है कि रक्त सिर्फ मानव शरीर में ही निर्मित होता है, और किसी का भी रक्त किसी अन्य व्यक्ति को लग सकता है तथा उसके प्राण बचाए जा सकते हैं। रक्त किसी फैक्ट्री में निर्मित नहीं किया जा सकता। ये उद्गार नगराध्यक्ष श्री सचिन शेंडे ने व्यक्त किए।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल एवं गिरिराज गोसेवा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में भीष्ण गर्मी के बावजूद भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत नगराध्यक्ष श्री सचिन शेंडे ने स्वयं रक्तदान करके की। इस शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त का संकलन किया गया। ज्ञात हो कि श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल समिति एवं श्री गिरिराज गौ सेवा मित्र मंडल पिछले तीन वर्षों से प्रत्येक चार माह के अंतराल में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे हैं। अब तक करीबन 8 कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 1285 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है।

आयोजकों ने बताया कि श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल में आयोजित इस शिविर में एकत्रित रक्त स्थानीय बीजीडब्ल्यू अस्पताल के गरीब मरीजों के उपचार हेतु ही उपयोग में लाया जाता है। स्थानीय लोकमान्य रक्त पेढ़ी को भी इस शिविर में सम्मिलित किया जाता है। इस अवसर पर श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल समिति के अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, सचिव श्री प्रकाशचंद कोठारी, उपाध्यक्ष श्री किरणकुमार मुंदड़ा, उपाध्यक्ष पंडित दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री वेदप्रकाश गोयल, सह-सचिव श्री निवास मूंदड़ा, श्री रमाकांत अग्रवाल, श्री राजेश व्यास, श्री शंकरलाल अग्रवाल, श्री अजय खंडेलवाल, श्री अशोक अग्रवाल(श्याम बाबा) श्री राजेश अग्रवाल, श्री नरेश अग्रवाल, श्री सुनील अग्रवाल, श्री अर्पित अग्रवाल, श्री राहुल सिंघानिया, श्री आनंद अग्रवाल, श्री अजय शामका, श्री पंकज अग्रवाल, श्रीमती अर्चना अग्रवाल, श्रीमती भारती राहंगडाले, श्री कृष्णकांत खंडेलवाल, श्री अनूप अग्रवाल, श्री दिनेश लाटा, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्रीमती चेतना अग्रवाल, श्रीमती अर्चना मेश्राम, श्रीमती सहारे मैडम, श्रीमती चौहान मैडम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

डॉ. नोव्हिल ब्राह्मणकर की अध्यक्षता में

कुनबी हेल्थ एज्युकेशन द्वारा 42 बच्चों को दी गई शैक्षणिक पुस्तकें..

जगप्रेरणा गोंदिया।

सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय कुनबी हेल्थ एज्युकेशन संस्था द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए 42 जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक पुस्तकों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह

का माहौल देखने को मिला। पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। इस पहल से न केवल बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी विकसित होगा। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. नोव्हिल ब्राह्मणकर तथा सचिव निलेश चुटे उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है और संस्था आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनील मेंढे , जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर , नगरसेवक लोकेश (कल्लू) यादव तथा अशोक (गप्पू) गुप्ता विशेष रुप से उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारी एवं समाजबंधुओं–सुनिल तारोणे, नीलकंठ बाहेकार, कमलेश चुटे, संदीप ब्रह्मणकर, चंद्रकुमार बाहेकार, सुरेंद्र वाढई, प्रशांत कोरे तथा डॉ. मौसमी ब्रह्मणकर–का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था का मानना है कि यदि समाज के सभी वर्ग मिलकर शिक्षा को बढ़ावा दें, तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनाया जा

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com